

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


बादशाह की जुगुनू गर्ल आकांक्षा ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com


गुरुवार, 22 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 02 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## गुरदासपुर में बीएसएफ पोस्ट के पास फिर दिखा पाकिस्तानी ड्रोन

### भारतीय जवानों ने फायरिंग करके दिया जवाब

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने 20 दिसंबर की शाम अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से अमृतसर सेक्टर में दाओक सीमा चौकी (बीओपी) से भारत में प्रवेश करने वाले एक ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि 144 बटालियन अमृतसर सेक्टर के एओआर में बीओपी डाओक के एओआर में 1920 बजे भारत में प्रवेश करने वाला पाक ड्रोन आज सुबह पाक क्षेत्र में बीओपी भरोपाल के एओआर के सामने उनके क्षेत्र में 20 मीटर की दूरी पर गिरा हुआ पाया गया। यह में मँडरा रहा था। कुछ मिनटों के लिए जब काउंटर–ड्रोन उपाय किए गए और लौटते समय ये गिर गया। इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। इससे पहले 26 नवंबर को भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अमृतसर सेक्टर में दाओके सीमा चौकी (बीओपी) पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पाकिस्तान की तरफ से आ रही एक संदिग्ध उड़ने वाली वस्तु को मार गिराया था।



सुरक्षाकर्मियों ने अपनी इंसास राइफल से छह राउंड फायरिंग की और एक ड्रोन को मार गिराया। बाद में पता चला कि यह चीन निर्मित क्वाडकॉप्टर क्श्रप् डंजतपबम 300त्ज्ञ ब्रांड का ड्रोन है, जो सीमा के पास खेत में पड़ा हुआ है। ड्रोन में कुछ कैमरे भी फिट पाए गए। पिछले दो महीनों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर इलाके में तीन ड्रोन मार गिराए हैं। बीएसएफ के मुताबिक, इस साल जुलाई तक सीमा पार से उड़ान भरने वाले कुल 107 ड्रोन भारतीय क्षेत्र में देखे गए, जबकि पिछले साल 97 ड्रोन देखे गए थे। पिछले साल पंजाब में ऐसे चौंसठ, जम्मू में 31 और जम्मू में नियंत्रण रेखा पार करते हुए दो मामले सामने आए। इस साल जुलाई तक ऐसी कुल 107 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें जम्मू में 14 और पंजाब सेक्टर में 93 शामिल हैं।

## सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था युवक, राहुल ने झटके हाथ

### बीजेपी का तंजः मोहब्बत की दुकान के फीके पकवान



नई दिल्ली। कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। हाल में ही भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में थी। राजस्थान में खत्म होने के बाद अब भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में प्रवेश कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांध ी कर रहे हैं। राहुल गांधी लगातार कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। राहुल गांधी की इस यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम भी दिख रहा है। राहुल गांधी लगातार आम लोगों से भी मुलाकात कर रहे हैं। उनके साथ तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। इन सबके बीच सोशल मीडिया पर एक फोटो वायरल हो रहा है। इसमें कांग्रेस का एक कार्यकर्ता मंच पर राहुल गांधी के साथ सेल्फी लेने की कोशिश करता है। हालांकि, राहुल गांधी उसका हाथ झटकते नजर आ रहे हैं। अब इसी पर भाजपा ने हमला करना शुरू कर दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए लिखा कि मोहब्बत की दुकान में फीके पकवान। इसके साथ ही उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि कांग्रेस के लिए जनता सिर्फ वोट बैंक है। तुष्टिकरण की राजनीति तो इनके रग रग में है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत जोड़ो यात्रा तो सिर्फ एक नाटक है। दरअसल, राहुल गांधी ने हाल में ही राजस्थान में अपने एक भाषण में कहा था कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा से मोहब्बत की दुकान खोलने की भी अपील की थी। उन्होंने भाजपा से कहा था कि आप मुझसे नफरत करो, आप मुझे गाली दो। यह आपके दिल की बात है। आपका बाजार नफरत का है, मेरी दुकान मोहब्बत की है।

## 'भारत जोड़ो यात्रा' को बाधित करना चाहती है भाजपा : गहलोत

*राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि इस यात्रा के प्रति बढ़ते जनसमर्थन से घबराकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे बाधित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में (भारत जोड़ो) यात्रा निकली है और हमारी यात्रा आगे भी जारी रहेगी। जल्दी ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी अधिवेशन कर रही है जिसमें लोगों के सुझाव लिए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पत्र पढ़ा। आप उनकी बौखलाहट देख सकते हैं। पाली सांसद पी.पी. चौधरी और गंगानगर सांसद निहालचंद ने उनको कल पत्र लिखा कि राहुल गांधी की यात्रा चल रही है और कोविड फैल रहा है...आप सोच सकते हो कि केंद्र सरकार कितनी घबराई हुई है।*

## PM Modi के नेतृत्व में सेना को दी गई है खुली छूट

### बीजेपी का तंज- खड़गे जी अध्यक्ष तो बन गए हैं लेकिन रिमोट कंट्रोल...

नई दिल्ली। सेना को लेकर हाल में ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जो बयान दिया था, उस पर भाजपा जबरदस्त तरीके से हमलावर है। भाजपा की ओर से राहुल गांधी पर निशाना साधा गया है। भाजपा ने साफ तौर पर कहा है कि राहुल गांधी भारतीय सेना का मनोबल गिराने की लगातार कोशिश करते हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जबरदस्त तरीके से कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब हमारी वीर सेना अपना शौर्य दिखाती है और भारत का हर नागरिक गौरवान्वित होता है। उस वक्त राहुल गांधी का प्रयास होता है कि किस प्रकार सेना का मनोबल तोड़ें, लेकिन तोड़ नहीं पाते हैं। क्योंकि



सेना का मनोबल हिमालय से भी ऊँचा है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि चाहे डोकलाम हो, चाहे गलवान हो या तवांग हो, एक बदलाव आया है नीति में, नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेना को खुली छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया गया है। हमने देखा कि चीन के करीब 300 सैनिक पीछे खदेड़ दिए गए, ये हमारी सेना की ताकत है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा समय–समय पर हमारे वीर नायकों के बारे में शर्मनाक टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा नेता ने साफ तौर पर कहा कि उन्हें पूरे देश के सामने माफी मांगनी चाहिए। उन्होंते तंज कसते हुए कहा कि साफ दिख रहा है कि जिसने भी नफरत फैलाई है, जो भी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है, वो श्भारत तोड़ोश यात्रा का अभिन्न अंग रहा है। अपना हमला जारी रखते हुए भाटिया ने कहा कि हर भारतीय को तो भारतीय सेना पर गर्व है, लेकिन राहुल गांध ी जी कहते हैं कि श्सेना पिट गई हैश और उनका समर्थन खड़गे जी भी करते हैं। इसका मलतब ये है कि खड़गे जी अध्यक्ष तो बन गए हैं लेकिन रिमोट कंट्रोल अभी भी गांधी परिवार के पास ही है।

## सोनिया गांधी ने चीन मुद्दे पर मोदी को घेरा तो किरेन रिजिजू ने याद दिलाया मनमोहन का कार्यकाल




नई दिल्ली। तवांग मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा आज भी जारी रहा तो दूसरी ओर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सीमा पर 'चीन के कथित अतिक्रमण' पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस महत्वपूर्ण विषय पर सरकार द्वारा संसद में चर्चा कराने से इंकार करना लोकतंत्र का अनादर है तथा इससे उसकी नीयत पता चलती है। सोनिया के इस आरोप पर पलटवार करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री और अरुणाचल प्रदेश से भाजपा सांसद किरेन रिजिजू ने कहा है कि 2005 में जब हम विपक्ष में थे और बॉर्डर के विषय को उठाया था तब प्रणब दादा और तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने मुझे बुलाकर कहा था कि भारत–चीन सीमा के मुद्दे संवेदनशील होते हैं इसलिए उसे उजागर न करके आंतरिक रूप से निपटना चाहिए। हम आपको बता दें कि अब तक चीन मुद्दे पर राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ही मोदी सरकार को घेर रहे थे लेकिन आज सोनिया गांधी भी मैदान में उतर पड़ीं। उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय जवानों के साथ खड़ा है, लेकिन सरकार के रुख के कारण राजनीतिक दलों और जनता को वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी नहीं मिल रही है। सोनिया गांधी ने पार्टी संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह टिप्पणी की। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा, ''चीन का हमारी सीमा पर लगातार अतिक्रमण करना गंभीर का चिंता का विषय है। पूरा देश हमारे उन सजग जवानों के साथ खड़ा है जिन्होंने चीन के हमलों को मुश्किल हालात में विफल किया है।श्श उन्होंने कहा कि सरकार इस पर संसद में चर्चा कराने से इंकार कर रही है।

## पीएम मोदी ने जगन मोहन रेड्डी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके लंबे तथा स्वस्थ जीवन की कामना की। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष रेड्डी बुधवार को 50 साल के हो गए। मोदी ने ट्वीट किया, ''आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

## कोविड 19 की स्थिति को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडावियां ने की बैठक

नई दिल्ली। अमेरिका, चीन समेत दुनिया के कई देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में इजाफा हो रहा है। इस इजाफे के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने उच्चस्तरीय बैठक ली है। कोरोना वायरस के खतरे को लेकर सरकार अब एक्शन मोड पर आ गया है। स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि कोरोना वायरस अभी गया नहीं है इसलिए ऐहतियात बरतनी काफी जरुरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कुछ देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसके बाद विशेषज्ञों के साथ समीक्षा बैठक की है। सभी विभागों को सतर्क रहने और मजबूत निगरानी करने के निर्देश जारी किए गए है। सराकर हर स्थिति का प्रबंधन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।






## विपक्ष ने चीन के साथ तनाव पर लोकसभा में चर्चा की मांग की, सदन से वॉकआउट



नई दिल्ली। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने सीमा पर चीन के साथ तनाव के विषय पर बुधवार को लोकसभा में चर्चा की मांग करते हुए सदन से वॉकआउट किया। सदन में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि चीन के साथ तनाव को लेकर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''इस पर बाहर टीवी पर चर्चा हो रही है, लेकिन यहां चर्चा नहीं हो रही है। सदन में चर्चा होनी चाहिए।'' इसके बाद कांग्रेस, द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। इससे पहले विपक्षी दलों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही चीन के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी दल सात दिसंबर से आरंभ हुए संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार चीन के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। दोनों सदनों में कई सांसदों ने इस विषय पर कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में संघर्ष की घटना सामने आई थी, जिसमें दोनों तरफ के जवानों को चोट आई थीं।

## ईडी के आरोप पत्र में सिसोदिया, संजय सिंह और केसीआर की बेटी का नाम, राउज एवेन्यू कोर्ट का आरोपियों को समन

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने



आरोप पत्र में आम आदमी पार्टी के मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और तेलंगाना सीएम के चंद्रशेखर राव की बेटी कलवकुंतला कविता का नाम दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय के आरोप पत्र में साने आया है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता उस साउथ ग्रुप का हिस्सा थीं जिसने आम आदमी पार्टी के नेताओं को दिल्ली आबकारी नीति के तहत लाभ हासिल करने के बदले में रिश्वत के रूप में 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। इंडोस्पिरिट्स के एमडी समीर महेंद्रू ने आरोप लगाया था कि उन्हें श्साउथ ग्रुपश के सदस्यों द्वारा संपर्क किया गया था। मूह के साथ उनकी साझेदारी को कविता के साथ कई फोन कॉल और बैठकों में और मजबूत किया गया। महेंद्रू के बयान के अनुसार, यह आरोप लगाया गया है कि नायर ने महेंद्रू से मुलाकात की और उन्हें दक्षिण समूह के एक सदस्य, अरुण पिल्लई के बारे में बताया, जिसका ष्समूह दिल्ली के कारोबार में निवेश करने का इच्छुक था, इस समूह की गहरी जेबें, राजनीतिक संबंध और अरविंद केजरीवाल के दोस्त थे। महेंद्रू ने इस साझेदारी में शामिल होने का विरोध किया क्योंकि उनका मानना घ्था कि समूह बिना ज्यादा निवेश के उनकी कंपनी में हिस्सेदारी चाहता था।

## सीमा विवाद पर बोले संजय राउत, चीन की तरह हम कर्नाटक में प्रवेश करेंगे

मुंबई। शिवसेना के नेता संजय राउत अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं। हाल में ही कर्नाटक और महाराष्ट्र का सीमा विवाद काफी सुर्खियों में रहा है। दोनों ही राज्यों के बीच तनाव बढ़ गया है। एक दूसरे राज्य के खिलाफ प्रदर्शन भी हो रहे हैं। इन सब के बीच शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने कुछ ऐसा बयान दे दिया है जिसके बाद बवाल बढ़ सकता है। दरअसल, अपने बयान में संजय राउत ने कहा कि हम कर्नाटक में उसी तरह से प्रवेश करेंगे, जैसे चीन देश में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस मुद्दे पर किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। हम




चर्चा के जरिए इसे सुलझाना चाहते हैं। लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री इसमें आग लगा रहे हैं। इतना ही नहीं, संजय राउत ने महाराष्ट्र की सरकार को कमजोर करा दिया और कहा कि राज्य की सरकार इस मुद्दे पर कोई स्टैंड नहीं ले रही है। आपको बता दें कि सीमा विवाद को लेकर एकनाथ शिंदे और उनकी सरकार को लगातार विपक्ष की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। महाराष्ट्र के विधानसभा में भी विपक्ष सरकार को घेर रहा है। हाल में ही दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक भी संपन्न हुई थी। संजय राउत ने हालांकि यह भी कहा है कि यह देश एक है और मसले का हल बातचीत से होना चाहिए। वहीं, खबर यह भी है कि कर्नाटक विधानसभा के दोनों सदन महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद पर एक प्रस्ताव पारित करेंगे। विधानमंडल ने राज्य के रुख को दोहराया कि यह मुद्दा सुलझा हुआ है, और पड़ोसी राज्य को एक इंच भी जमीन नहीं दी जाएगी।

# सुशासन सप्ताह के तहत गांव की ओर जायजा लेने नगरौर पहुंचे डीएम

बहराइच । शासन के निर्देश पर जनपद में 19 से 25 दिसम्बर 2022 तक आयोजित होने वाले ''सुशासन सप्ताह–प्रशासन गांव की ओर'' कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम नगरौर के पंचायत भवन में आयोजित चौपाल का जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने निरीक्षण कर मौजूद ग्रामवासियों से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करने तथा जनससमयाओं के निस्तारण के सम्बंध में फीड बैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने दो माह की जुड़वा बच्चियों गौशिया व तयैबा का अपने समक्ष जन्म प्रमाण पत्र का पंजीकरण कराया।

''सुशासन सप्ताह–प्रशासन गांव की ओर'' कार्यक्रम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि चौपाल के दौरान ग्रामवासियों द्वारा बतायी गयी समस्याओं को नोटकर उसका समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों से पात्र लोगों को लाभान्वित भी किया जाय। निरीक्षण के दौरान पीडीडीआरडीए पी.एन. यादव, खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा संदीप कुमार त्रिपाठी, संयुक्त बीडीओ सूर्य प्रकाश मिश्रा, एडीओ सहकारिता अमर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी ओम प्रकाश यादव, प्रभारी चिकित्साधिकारी चित्तौरा डॉ कुंवर रितेश, एडीओ पंचायत विधानचन्द्र, एडीओ महिला ज्योति सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सलीम सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इसी प्रकार तहसील व ब्लाक मुख्यालय तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन कर कृषक दुघर्टना सहायता योजना, मुख्यमंत्री खेत–खलिहान अग्निकाण्ड दुघर्टना सहायता योजना, लोक सम्बोधन प्रणाली के लिए अनुज्ञा, निवास, जाति, आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, खतौनी की नकल, रोजगार पंजीकरण व नवीनीकरण, कुटुम्ब रजिस्टर की नकल, वृद्धा पेंशन, असहाय व्यक्तियों के इलाज तथा उनकी पुत्री की शादी के लिए वित्तीय सहायता, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, सामान्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति, छात्रवृत्ति, विधवा पेंशन, दम्पत्ति पुरस्कार योजना, दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता, विधवा महिला की पुत्री की शादी हेतु अनुदान, विकलांग पेंशन, विकलांग व्यक्तियों को बनावटी अंग लगवाने हेतु, विकलांग व्यक्तियों के पुर्नवास हेतु ऋण अनुदान की सुविधा, विकलांग व्यक्तियों के विवाह करने पर अनुदान, विकलांग प्रमाण पत्र इत्यादि सेवाएं प्रदान की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने सदर तहसील का किया औचक निरीक्षण

## आनलाईन अपलोडिंग की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी, तहसीलदार व पेशकार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

बहराइच । सदर तहसील की साफ–सफाई, अभिलेखों का रख–रखाव, राजस्व वादों का निस्तारण तहसील प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने तहसील का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान मिसिल बन्द, पत्रावलियों का रख–रखाव, पंजीकाओं, वाद पत्रालियों इत्यादि के निरीक्षण में वादों के निस्तारण की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने तथा कम्प्यूटर केन्द्र के निरीक्षण के दौरान आदेशों का अंकन, फीडिंग व खतौनी में आनलाइन अपलोडिंग प्रकिया की प्रगति धीमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार व पेशकार को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि वादों का नियमानुसार समय से निस्तारण तथा अंकन, फीडिंग व खतौनी में आनलाइन अपलोडिंग प्रकिया को पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। इस कार्य की सक्षम अधिकारियों के स्तर से नियमित समीक्षा की जाय तथा समीक्षा करते हुए अंकन, फीडिंग व खतौनी अपलोडिंग कार्य में अपेक्षित सुधार लाया जाय। उदासीन व लापरवाह राजस्व कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय।

# विद्यार्थी ट्रिपल–सी की दिशा में कार्य करें : प्रो. विवेक तिवारी

## अवध विवि में शिक्षा सृजन में नवाचार विषय पर हुआ व्याख्यान

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग में . शिक्षा सृजन में नवाचार विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता आबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात के प्रो. विवेक तिवारी ने ब्रेन डाइट के बारे में बताया कि आज लोग डिजिटल इनफार्मेशन व बदलती तकनीक के कारण दिमाग का प्रयोग कम कर रहे है। पूरी तरह से तकनीक पर निर्भर होते जा रहे है जिसके कारण मानसिक अवसाद व असन्तुष्ट की भावना पनप रही है और बीमारियों के शिकार भी हो रहे है। उन्होंने छात्रों को बताया कि दिमाग शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उपयोग निरन्तर करते रहना चाहिए। इसके न करने पर स्मरण क्षमता पर प्रभाव पड़ने लगता है। इस तरह के लक्षण दिखने पर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के दिमाग में स्रावित होने वाले डोपामाइन रसायन जो ब्रेन में सीमित न्यूरान्स होते है। यहीं न्यूरान्स कार्य को करने की प्रबलता को भी निर्धारित करते है। उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन में ट्रिपल–सी पर कार्य करे। इसमें तीनों सी का मतलब है कांसेप्ट स्पष्ट रखे, कंफ्यूज दूर करें व कंसिस्टेंसी की दिशा में सकारात्मक सोचे। ऐसा करने से दिमाग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो0 रमापति मिश्र ने की। उन्होंने बताया कि छात्रों के लिए यह कार्यक्रम उपयोगी है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 विनीत कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता को पुष्पगच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंजीनियर प्रवीण मिश्र, इंजीनियर अवधेश मौर्या, इंजीनियर अखिलेश मौर्या, इंजीनियर रजनीश पांडेय, इंजीनियर परिमल तिवारी, इंजीनियर रमेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित्त रहे।

# परमिट धारक अपने अधिकार पत्र का करा लें नवीनीकरण

## आयुक्तसभागार में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की हुई बैठक

अयोध्या। मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, अयोध्या की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट अयोध्याध्सदस्य नितीश कुमार, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), लखनऊध्सदस्य द्वारा श्री संजय सिंह, सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरणध्सम्भागीय परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्तध्अध्यक्ष ने माह अगस्त 2022 से 30 नवम्बर 2022 तक किए गए कार्यों का विवरण, मोटरवाहन अधिनियम 1988 की धारा 72 के अन्तर्गत व उ0प्र0 मोटरयान नियमावली 1998 के नियम–124 के अन्तर्गत कृत कार्यवाही का अवलोकनध अनुमोदनार्थ किया गया। मोटर गाड़ी अधिनियम 1988 की धारा–86 के अधीन जिन परमिट धारकों ने अपने–अपने भार वाहनों के परमिट (नेशनल परमिट) के लिये अधिकार पत्र समाप्ति के पश्चात् प्राप्त नहीं किया गया था। ऐसे कुल 152 परमिट धारकों में से नोटिस के उपरान्त 60 प्रकरण निस्तारित हो चुके हैं, शेष 92 के प्रकरण प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किये गये। शेष के सम्बन्ध में सचिव सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, अयोध्या पुनः एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ऐसे परमिट धारकों को अन्तिम अवसर प्रेस विज्ञप्ति छपने से 15 दिन तक के लिए प्रदान की गयी है। परमिट धारक अपने अधिकार पत्र को नवीनीकरण करा लें अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात् परमिट स्वतः समाप्त हो जायेगा। भारत सरकार द्वारा अधिकृत टेस्टिंग एजेंन्सियों द्वारा अनुमोदित मॉडल बेस व वैरिएण्ट की वाहनों में सीएनजी किट को रिट्रोफिटमेंट सेंटर हेतु अधिकृत किये जाने पर विचार किया गया। विचारोपरान्त प्राधिकरण द्वारा कारवाह रेट्रोफिटिंग एण्ड वॉशिंग सेन्टर, बाराबंकी को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# किसान दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में डा0 अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया





बैठक में सर्वप्रथम उपकृषि निदेशक द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। जिला कृषि अधिकारी से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानो को समय से खाद उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नहरो में पानी अन्तिम टेल तक पहुॅचाना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र सोहना द्वारा खरपतवार नियंत्रण हेतु विस्तार से कृषको को जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि छुट्टा गोवंश को गौशाला में पहुॅचाये। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि मिलावटी उर्वरक की विक्री पर रोक लगाने हेतु छापेमारी कर कार्यवाही करे। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि गांवो में बने सामुदायिक शौचालय खुले जिससे उनका उपयोग किया जा सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 एम0पी0सिंह द्वारा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ के बारे में जानकारी दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। जिलाधिकारी द्वारा किसानो की अन्य समस्याओ को सुना गया तथा उसके निस्तारण हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उपकृषि निदेशक अरविंद विश्वकर्मा द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी सी0पी0सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एम0पी0सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सिद्धार्थनगर आर0के0कुशवाहा, तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर पंचायत चुनाव में विकास बनेगा मुद्दा या फिर जाति, धर्म के नाम पर पड़ेगा वोट

## आम जनता ने कहा जिसके पास होगा विकास का खाका उसी को देंगे वोट

दिलीप श्रीवास्तव/

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत चुनाव को लेकर सभी की धड़कने बढी हुई है। एक तरफ जहां भावी प्रत्याशी पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से चुनावी तैयारी के सिलसिले में लगातार क्षेत्र के लोगों से मिलकर आशीर्वाद मांग रहे हैं तो वहीँ दूसरी आम जनता के बीच भी भावी प्रत्याशियों के हार जीत को लेकर गुणा गणित चल रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट ने भी निकाय चुनाव की अधिसूचना को लेकर रोक लगा दिया है, जिससे आम जनता के बीच हार, जीत और निकाय चुनाव में बनने वाले मुद्दे को लेकर बहस करने का और समय मिल गया। डुमरियागंज नगर पंचायत की जनता तीसरी बार अपना चेयरमैन चुनने जा रही है ऐसे में पिछले दो चुनावों में हुए विकास







को संतोष जनक नही कहा जा सकता। तो क्या एक बार फिर इस चुनाव में आम जनता विकास के नाम पर ठगी जाएगी। पिछले दो चुनाव का अनुभव बताता है कि आम तौर पर प्रत्याशी वोट तो मांगते हैं विकास के नाम पर लेकिन चुनाव नजदीक आते आते चुनाव जाति और धर्म के नाम पर हो जाता है ऐसे में विकास सिर्फ एक मुद्दा भर रह जाता है। इस बार चुनाव में क्या वाकई विकास मुद्दा बनेगा या फिर वोट जाति और धर्म के नाम पर पड़ेगा ये जानने कि कोशिश की हमने डुमरियागंज की आम जनता से। राजन गारमेंट्स के ऑनर राजन अग्रहरि कहते हैं कि जबसे डुमरियागंज नगर पंचायत बना है तबसे हमारी अपेक्षाएं भी बढ़ गयी थी लेकिन नगर पंचायत बनने के बाद भी आज हम नगर वासियों को मिलने वाली मूल भूत सुविधाओं से महरूम हैं। हमने हमेशा वोट विकास के नाम पर दिया लेकिन आखिर में हमें मिली टूटी सड़कें, भठी नालियाँ और गंदगी का अम्बार इस बार हम वोट उसी को देंगे जिसके पास विकास का कोई मास्टर प्लान होगा, सिर्फ विकास विकास कहने वाले को वोट नहीं करेंगे। रोडवेज के पास अंसार बैटरी सर्विस के नाम से अपनी दुकान चला रहे एखलाक अंसारी उर्फ सूड्डू भाई ने कहा कि उनकी दुकान डुमरियागंज की सबसे पुरानी दुकान है हमने उस दौर को भी देखा है जब यहाँ प्रधानी का चुनाव होता था और पिछले 14 सालों से हम नगर पंचायत में भी रह रहे हैं लेकिन सच तो ये है कि नगर पंचायत बनने के बाद आज भी हम ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं क्योंकि आज भी सड़कों की स्थिति बदहाल है, नालियाँ बनी हैं तो साफ नहीं, ढक्कन खुले हुए हैं, सफाई कर्मी सिर्फ कोरम पूरा करता है, नगर पंचायत वासियों के लिए साफ पानी की कोई व्यवस्था नहीं, बारिश का पानी निकलने की कोई व्यवस्था नहीं, समस्याएं अनेक हैं लेकिन इनका समाधान किसी को नही पता, हम विकास के नाम पर वोट करते हैं लेकिन पांच साल बीतने के बाद एक बार फिर खुद को ठगा हुआ ही महसूस करते हैं। युवा व्यवसाई गौरव सोनी उर्फ गोलू ने भी कहा कि इस समय हमें विकास की जरूरत है, पहले कोरोना ने और पिछले दो सालों से बाढ़ की वजह से हमारा काफी नुकसान हो चुका है, यदि पानी के निकलने की सही व्यवस्था होती तो हमारा नुकसान कम हो सकता था, अपनी बात आगे बढ़ाते हुए गौरव ने कहा कि सड़क, नाली खड़ंजा ही नहीं हमें हर घर में साफ पानी की सप्लाई और पूरे नगर पंचायत कि निगरानी सी सी टी वी से चाहिए, और नगर पंचायत के तुलना में हमारा नगर पंचायत विकास के मामले में बहुत पीछे है, हमने हर बार विकास के नाम पर वोट दिया है, लेकिन इस बार हम उसी को वोट देंगे जिसके पास नगर पंचायत के विकास का पूरा खाका होगा।

# मिशन साहसी अभियान के तहत एबीवीपी ने छात्राओं को सिखाया आत्मरक्षा का हुनर

## शारदा पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा आज नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्राओं की आत्मरक्षा के लिए चलाए जा रहे। मिशन साहसी अभियान का मेगा शो संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सीओ ट्रैफिक ज्योति ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा महिलाओं और छात्राओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार के साथ सामाजिक और स्वयंसेवी संगठन भी जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं. प्रदेश सरकार की ओर से जहां मिशन शक्ति और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और युवतियों



को जागरूक किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि रेखा ठाकुर ने कहा अभाविप ही एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो छात्राओं को नेतृत्व देने में अग्रणी भूमिका निभाता है। छात्राओं को स्वावलंबी और साहसी बनाने के लिए मिशन साहसी अभियान सार्थक सिद्ध होता है। आभाविप अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए सतत प्रयास करता रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा ट्रेनर दीपाली को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित भी किया गया, कार्यक्रम का संचालन रिजवाना अख्तर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सिंह, प्रांत सह संयोजक कुशाग्र, जिला सहसंयोजक गौरव द्विवेदी, नगर मंत्री हिमांशु, शिवम,अभिनव आदि लोग मौजूद रहे।

# रक्तदाता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## संयुक्त चिकित्सालय में सीएमओ ने रक्तदाताओ को किया सम्मानित



दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। बुधवार को संयुक्त चिकित्सालय के सभागार में जनपद बलरामपुर के रक्तदाताओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक रहे। कार्यक्रम में यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इकाई तुलसीपुर, उत्तर प्रदेश को वर्ष 2022 में सर्वाधिक 13 रक्तदान शिविर आयोजित करने हेतु प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इकाई के चेयरमैन आलोक अग्रवाल ने सम्मान ग्रहण किया। अन्य संस्थाओं में भारतीय जनता युवा मोर्चा, गुरु सिंह सभा, एम. एल. के. कॉलेज, एस. एस. बी., चीनी मिल बलरामपुर सहित कई अन्य संस्था रहीं। व्यक्तिगत रूप में हिमांशु मणि दीक्षित, राजन जायसवाल, रितिका जायसवाल, पूजा सिंह, शशी केसरवानी एवं गुरुअंश सिंह को सम्मानित किया गया।






महिला बिग्रेड उतरी प्रियंका त्रिपाठी के समर्थन में, मांग रही हर घर वोट । दैनिक बुद्ध का सन्देश

# जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वी0के0अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0सी0को निर्देश दिया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय–समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत–प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से न जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि लाभार्थी के खाते में समय से धनराशि प्रेषित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन गांवों में गर्भवती महिलायें बच्चे टीकाकरण से छूट गये हैं छूटे हुए गांवो में टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया गया तथा समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि टीकाकरण कराने के पश्चात उसका फीडिंग समय से कराये। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दवायें बाहर से न लिखे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दवाये उपलब्ध है। जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, अनटाइड फन्ड, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड लक्ष्य के सापेक्ष कम बनाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बी0एल0ई0 के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनाने का शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। इस बैठक में उपरोक्त के डा0 समीर सिंह, मानबहादुर, प्रत्यूष दूबे, डा0 लक्ष्मी सिंह, समस्त एम0ओ0 आईसी0, आदि उपस्थित थे।

## प्रशासन चला गांव की ओर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जोगिया विकाश खण्ड के उदयपुर ग्रामपंचायत प्रशासन चला गांव टीवीकी ओर कार्यक्रम मनाया गया। ग्रामीणों



के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं,की जानकारी जोगिया ब्लाक के कर्म चारिओ द्वारा दिया गया, सरकार की महत्वकांछी योजना वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, पात्र गृहस्थी, अंत्योदय, मनरेगा आदि योजनाओं के बारे वृस्तृत रुप में बताया गया। कार्यक्रम में ए डी ओ आई एसबी परमात्मा यादव, सचिव गौरव त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, आशीष पांडे, मोतीलाल तकनीकी सहायक राजेंद्र प्रसाद चौबे, रोजगार सेवक अनिल कुमार मिश्र, मौजूद रहे।

## सरकार जीरो टॉलरेंस के साथ नशीले पदार्थो के खिलाफ लड़ रही लड़ाई: जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश


सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल ने नियम 193 के तहत नशीले पदार्थों और सरकार के द्वारा उठाए कदमों पर पार्टी के तरफ अपनी बात रखा। उन्होने कहा कि आज नशीलो पदार्थों का सेवन निश्चित तौर से देश के लिए और दुनिया के लिए एक चिंता का विषय है। सांसद ने कहा कि वो सदस्यों के कहे बातों को दोबारा नहीं दोहराएंगे लेकिन वो कहना चाहते है की यह केवल किसी एक व्यक्ति को नुकसान नहीं कर रहा है। बल्कि पूरी पीढ़ियों को नुकसान कर रहा है। जगदंबिका पाल ने कहा कि आज पूरे विश्व में लगभग 28 करोड़ लोग नशे के लत में है। उन्होंने ये भी कहा कि वो धन्यवाद देना चाहते है कि स्पीकर को जिन्होंने इस विषय की गंभीरता को समझते हुए इसे कॉलिंग अटेंशन से बदलकर नियम 193 के तहत चर्चा कराने का निर्णय लिया। सांसद ने आगे कहा कि वो गृह मंत्री के द्वारा 30 जुलाई को देश के चार शहरो में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और लगभग 30000 किलो के नशीले पदार्थों को नष्ट किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा की जिस तरीके से हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस के साथ नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है वो सराहनीय है। सांसद ने कहा की आज ई पोर्टल की बात हो, नशीले पदार्थों को सीमा पर रोकने की बात हो, उनकी सरकार हर कदम उठा रही है। उन्होने ये भी कहा की ये विषय राजनीति करने की नहीं है बल्कि इस पर हर पार्टी को एकजुट होकर काम करने की है। सांसद महोदय ने आगे कहा की एम्स की रिपोर्ट की मुताबिक 80: पैरेंट्स को शुरआती 1–2 साल तक पता ही नहीं होता की उनके बच्चे नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे है। अंत में उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री के विजन और नशा मुक्त भारत बनानने के लिए हमसबको एकसाथ काम करने और हर संभव प्रयास करने की जरूरत है।




## सड़क मरम्मत के नाम पर जमकर धाधली, सिर्फ खानापूर्ति कर रहे ठेकेदार

पंकज चौबे/दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद में मरम्मत कराई जा रही सड़कों पर मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहे हैं। मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। इससे मरम्मत के दूसरे दिन से ही सड़कें उखड़ने लग रही हैं, जबकि सड़कों की मरम्मत के लिए ठेकेदारों को लाखों रुपये जारी किए गए हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे इस गोलमाल के खेल को जन प्रतिनिधि भी देख रहे हैं फिर भी कोई रोकटोक नहीं कर रहे हैं। ऐसे में लाखों रुपये सड़क पर उड़ने वाली धूल की तरह उड़कर ठेकेदारों और अधिकारियों की जेब में चले जा रहे हैं। शासन से जनपद की कई सड़कों की मरम्मत कराने के लिए अनुमति मिली है। विभाग ने सड़कों की मरम्मत कराने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी करा दी। ठेका मिलने पर ठेकेदार भी कार्य शुरू करा दिए, लेकिन जिस मानक के अनुरूप सड़कों की मरम्मत होनी चाहिए उस तरह से कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। सड़कों के गड्ढों को पाटने के लिए न उसमें गिट्टी डालकर पैचिग की जा रही है और न ही उन्हें साफ–सुथरा किया जा रहा है। कुछ पैसे में या आसपास से कूड़ा इकट्ठा कर उसमें डाल दिया जा रहा है। इसके बाद छोटी गिट्टी और डामर डालकर हल्की परत बिछा दी जा रही है। यहां हो रहा घटिया काम शोहरतगढ़ तहसील अन्तर्गत गणेशपुर कोटिया मार्ग से चंदवा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड का मरम्मत कराया जा रहा है।




## स्वयं सहायता समूह द्वारा खोला गया पराग केन्द्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ग्राम पंचायत पारा नानकार विकास खंड नौगढ़ के स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा संचालित विकास भवन परिसर में पराग केन्द्र का मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा उद्घाटन किया गया। ग्राम पंचायत पारा नानकार विकास खंड नौगढ के स्वयं सहायता समूह का गठन वर्ष 2019 हुआ था। इस समूह में कुल 10 सदस्य है। जिसमें सुषमा अध्यक्ष, सचिव लक्ष्मी देवी पत्नी लालमन, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी पत्नी रामवृक्ष है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा पराग केन्द्र के उद्घाटन के अवसर पर स्वयं सहायता समूह को बधाई दी।

## ग्रामीणों की शिकायतों का तत्काल हो निदान:सीडीओ

### ब्लॉक दिवस एवं सुशासन सप्ताह पर सदर विकास खंड पहुँचे सीडीओ





दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। ग्रामीणों लिखित एवं आईजीआरएस के तहत की जाने वाली शिकायतों को नजरअंदाज न करें। संबंधित जिम्मेदार जांच करके शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराने के साथ ही परिवार रजिस्टर का नकल, आवास एवं सभी प्रकार पेंशनों के आवेदन का भी तत्काल निस्तारण हो। जिससे प्रशासन गाँव की ओर से आयोजित सुशासन सप्ताह कार्यक्रम की मंशा सफल हो। यह बांते मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहीं। वह बुधवार को सदर विकास खंड सभागार में ब्लॉक दिवस एवं प्रशासन गाँव की ओर के उपलक्ष्य में सुशासन सप्ताह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक ग्रामीणों को अपने समस्याओं के निदान के लिए अधिक भागदौड़ न करनी पड़ी। इसी के तहत 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम के तहत सुशासन सप्ताह जिले भर में आयोजित किया गया है। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लॉक दिवस पर गनेरा ग्राम पंचायत के टोला बरौहिया की रसीदा खातून ने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दिया। उसका जांच कराएंगे पात्रता मिलने पर ही आवास दिलाया जाएगा। इसी क्रम में सीडीओ कुमार ने दुग्ध विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दुग्ध समितियों के सचिवों से उनकी समस्या से रुबरु हुए। कार्यक्रम में उप दुग्ध उत्पादन विकास अधिकारी कन्हैया यादव, एसडीएम सदर प्रदीप यादव, एडीओ पंचायत आशुतोष मिश्रा, आईएसबी वसीकुर्रहमान, अभिनव ओझा, प्रमोद यादव, विमल कांत पटेल, ज्योति पांडेय, अंबुजा जायसवाल, प्रीती गुप्ता आदि उपस्थिति रही।

## आजाद क्रीड़ा केन्द्र का किया गया शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिला जेल के सामने बी एस ए ग्राउंड में आज क्रीड़ा भारती, गोरक्ष प्रांत की तरफ से आजाद क्रीड़ा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। क्रीड़ा केंद्र शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रकाश के द्वारा बच्चों को क्रीड़ा किट देकर किया गया। शुभारंभ के अवसर पर विभाग प्रचारक प्रकाश ने कहा कि क्रीड़ा केंद्र की स्थापना से भारत में परंपरागत खेलों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्रीडा केंद्रों पर खेल आनंद के लिए खेला जाए इस प्रकार का भाव सबके मन मेंआएगा। अपने पूरे सिद्धार्थनगर विभाग में क्रीड़ा भारती के माध्यम से हम क्रीड़ा केंद्र खोलकर समाज समाज को स्वस्थ एवं शक्तिशाली बनाएंगे। वहां क्रीड़ा केंद्र पर उपस्थित बच्चों संग विभाग प्रचारक जी रस्सा कस्सी,लंबी कूद, रिंग इत्यादि अनेको खेल खेले। इससे क्रीड़ा केंद्र के संचालन का दायित्व क्रीड़ा भारती गोरक्ष प्रांत के प्रांत सह मंत्री अरुण कुमार त्रिपाठी को दिया गया। आजाद क्रीड़ा केन्द्र का शुभारंभ क्रीड़ा भारती, गोरक्ष प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष डॉ० अरुण कुमार प्रजापति के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रात अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसवाले ने क्रीड़ा भारती को 3 साल में 5000 क्रीड़ा केंद्र पूरे देश में खोलने का लक्ष्य दिया है,उसी के परिपेक्ष में गोरक्ष प्रांत में 3 वर्षों में हम 200 क्रीड़ा केंद्र खोलने का संकल्प लिया हैं। जिसका शुभारंभ जनपद सिद्धार्थनगर में आजाद क्रीड़ा केंद्र के उद्घाटन से किया गया है। इस दौरान रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी नगर प्रचारक अभय भाई साहब, प्रान्त सहमंत्री डॉ० अरुण कुमार त्रिपाठी, प्रशांत भाई साहब, अभय त्रिपाठी, आलोक, अंकिता, रीया, अमित, पीयूष आदि लोगों की उपस्थिति रही।




# सम्पादकीय

**उन्होंने कहा कि इस भुगतान के लिए शंघाई पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस एक्सचेंज प्लैटफश्र्म का पूरा उपयोग किया जाएगा। तेल उत्पादक अरब और खाड़ी देशों का इस बारे में क्या रुख है, यह मालूम नहीं हुआ है। लेकिन ऐसी खबरें हैं कि सऊदी अरब युवान में सेटलमेंट के बारे में चीन के साथ बातचीत कर रहा है। सऊदी अरब दुनिया का ...**

## हर लिहाज से यादगार



जिस टूर्नामेंट की शुरुआत बेहद निम्न आशाओं के साथ हुई, उसका दोषमुक्त ढंग से आगे बढना, अनेक रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनना और अभूतपूर्व परिणति के साथ इतिहास का हिस्सा बनना आसान नहीं था। फीफा वर्ल्ड कप के रविवार को हुए फाइनल मैच को उचित ही आज मौजूद पीढियों की याददाश्त का सबसे बेहतरीन फाइनल मुकाबला बताया गया है। बेशक ये मैच फुटबॉल प्रेमियों को ताउम्र याद रहेगा। दुनिया में बहुत से लोगों को इस बात का संतोष हुआ है कि फुटबॉल इतिहास के बसे महान खिलाडियों से एक लियोनेल मेसी के गौरवशाली करियर में अब यह कमी मौजूद नहीं है कि वे कभी वर्ल्ड चौंपियन नहीं बने। इस मैच अर्जेंटीना को विजयी बनाने में उनके योगदान को पीढियां याद रखेंगी। उसी तरह पीढियां यह भी याद रखेंगी कि इस मंजिल तक पहुंचना उनके लिए आखिरी क्षण तो आसान नहीं रहा। बल्कि अंतिम पल तक लोग दिल की बढ़ी धड़कनों के साथ मैच के नतीजे पर नजर टिकाए रहे। बेशक मैच के पहले तकरीबन 70–75 मिनट तक अर्जेंटीना का पलड़ा ए भारी रहा, लेकिन खिताब बचाने के लिए मैदान में उतरी फ्रांस की टीम उसके बाद कहानी पलट दी। फिर जिस तरह उतार–चढ़ाव होता रहा, उसने रोमांच और उत्तेजना का ऐसा अहसास दिया, जो अब लोगों की स्मृति का हिस्सा बन गया है। वैसे यह ही अब ऐसी ही स्मृति का हिस्सा बन चुका है। जिस आयोजन की शुरुआत बेहद निम्न आशाओं के साथ हुई, उसका दोषमुक्त ढंग से आगे बढना, अनेक रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनना और अभूतपूर्व परिणति के साथ इतिहास का हिस्सा बनना आसान नहीं था। कतर में मानव अधिकारों की कथित खराब स्थिति और यूक्रेन युद्ध से दुनिया में जारी तनाव के माहौल में यह अपेक्षा नहीं था कि यह विश्व कप इस हद तक लोगों का ध्यान खुद पर टिका लेगा। लेकिन ऐसा ही हुआ है। टूर्नामेंट को दौरान कई हैरतअंगेज बातें देखने को मिलीं। क्या करिश्माई बात नहीं है कि जो टीम आखिरकार चौंपियन बनी, उसने शुरुआत कमजोर समझी जाने वाली सऊदी अरब टीम से हारते हुए की थी! और मोरक्को का स्वप्निल प्रदर्शन एक ऐसी गाथा बना, जिसने सारे अफ्रीका को कल्पनाओं को एक अकल्पनीय ऊंचाई तक पहुंचा दिया। आखिरकार विश्व कप यह संदेश दे गया कि फुटबॉल की दुनिया में स्थायी वर्चस्व का खात्मा हो गया है। अब हर विश्व कप टूर्नामेंट में नई कहानियां लिखी जाएंगी।

## नीतीश से लडना बहुत मुश्किल है

भारतीय जनता पार्टी और प्रशांत किशोर के लिए नीतीश कुमार से लडना बहुत



मुश्किल है। उनके महागठबंधन में रहते उसको हराना भी बहुत मुश्किल है। लोकसभा चुनाव में तो नीतीश कुमार बनाम नरेंद्र मोदी के चेहरे पर भाजपा लड़ाई में रह भी सकती है लेकिन विधानसभा चुनाव में वह नीतीश कुमार का मुकाबला नहीं कर पाएगी। इसका कारण यह है कि नीतीश अपनी जाति के नेता तो है, साथ ही सभी जातियों का कुछ वोट उनके पास है। यहां तक कि भाजपा के साथ रहते हुए भी उनको मुस्लिम वोट मिलता रहा है। बिहार के सवर्ण भी उनको अपना नेता मानते हैं तो अति पिछड़ी जातियां उनमें अपना मसीहा देखती हैं। खास कर सबसे कमजोर और वंचित जातियां। इसके अलावा हर जाति व समाज की महिलाएं उनके लिए वोट करती हैं। नीतीश ने ही सबसे पहले एक अलग वोट बैंक के तौर पर महिलाओं की पहचान की थी और उनके लिए अलग एजेंडे पर काम किया था। इस तरह जातियों में बंटे बिहार में नीतीश एकमात्र नेता हैं, जिनको हर जाति का कुछ न कुछ समर्थन है। हालांकि यह समर्थन उनको चुनाव नहीं जीता सकता है लेकिन यह भी सही है कि उनको बगैर कोई भी चुनाव नहीं जीत सकता है। भाजपा को यह भी चिंता है कि नीतीश का चेहरा एक ढाल है, बफर की तरह है। उनके होते बिहार सरकार पर जंगल राज का आरोप नहीं लग सकता है। खुद भाजपा ने ही उनका चेहरा जंगल राज की एंटी थीसिस के तौर पर स्थापित किया। इन सबसे ऊपर नीतीश ने बिहारी पहचान के रूप में अपने को स्थापित किया है। बिहार में बिहारी अस्मिता की राजनीति पहले नहीं होती थी। लेकिन अब सोशल मीडिया के दौर में बिहारी अस्मिता चर्चा में है और अच्छे या बुरे संदर्भ में बिहार से दो ही चेहरे हैं लालू प्रसाद और नीतीश कुमार का, जिनसे बिहार की पहचान होती है। भाजपा के पास ऐसा कोई चेहरा नहीं है। नीतीश ने बिहारी उप राष्ट्रीयता का मुद्दा भी उठाया था और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का आंदोलन भी चलाया था।

## इनसे कौन बचाए चीन को

**झल्लन बोला, श्ददाजू, हमारा पूरा मीडिया दहाड़ रहा है, हमारा हर एंकर चिंघाड़ रहा है, चीन को चेतावनी के साथ–साथ चुनौती उछाल रहा है, अपने न्यूजरूम में बैठे–बैठे चीन की खबर ले रहा है। वह वाक्शक्ति के जो बम–गोली–मिसाइल दाग रहा है उसके आगे चीन के सारे तोप–गोले फुस्स हो जाएंगे और हमारा मीडिया ऐसी ही बहादुरी दिखवाता रहा तो अगले चार दिन में हम बीजिंग पर तिरंगा लहराएंगे...**

विभांशु दिव्याल

झल्लन का चेहरा तमतमा रहा था, गुस्से में वह भुजाएं फड़का रहा था। हमें देखते ही बोला, श्बस ददाजू, बहुत हो गया अब हम इसे नहीं छोड़ेंगे, इसकी गर्दन मरोड़ेंगे और जहां–जहां से तोड़ सकेंगे तोड़ेंगे।य

हमने पूछा, श्अबे झल्लन, काहे आपे से बाहर हुआ जा रहा है किस बात पर इतना ताव खा रहा है और किसे तोडने–फोडने जा रहा है?य झल्लन बोला, श्अरे वही हमारा पड़ोसी जो जब चाहे तब सर उठाए हमारे घर में घुस आता है, हमारे घर की सरहद पर बैठकर हमें खिजाता है, पर हम सोच लिए हैं हम इसे ऐसा सबक सिखाएंगे, ऐसी मार मचाएंगे कि इसके अंजर–पंजर ढीले हो जाएंगे और इसके सारे कस–बल निकल जाएंगे।य हमने कहा, श्झल्लन, दो–तीन बार तो हम भी तेरे घर पर आये हैं, तेरे अड़ोस–पड़ोस में भी नजर घुमाए हैं पर जो तेरे घर में घुसकर तुझे चिढ़ाए ऐसा तो किसी को नहीं पाये हैं।य

झल्लन बोला, श्क्या ददाजू, आप बार–बार खिसक जाते हो एकदम सीधी बात भी नहीं समझ पाते हो। हम अपने मुल्क की बात कर रहे हैं, मुल्क की सरहद की बात कर रहे हैं जहां धृष्ट पड़ोसी जब–तब घुस आता है, सड़कछाप गुंडों की तरह मारपीट कर चला जाता है। अब देखिए, तवांग में भी इसके सैनिक मारपीट कर दिये और हमारे बहादुर जांबाज सैनिकों के हाथों पिटकर चल दिये। अब की बार मुंह दिखाएंगे तो हम उन्हें बीजिंग तक खदेड़ कर आएंगे।य हमने कहा, श्तू तो ऐसे कह रहा है जैसे चीन के सैनिक चीनी से बने हों जिन पर तू पानी के चार–छह छींटे लगा देगा और उन्हें गला देगा।

चीन इस समय दुनिया की बहुत बड़ी ताकत है जिसके सैनिकों को कोई यूं ही पीटकर नहीं भगा सकता और अगर पीट भी देगा तो बिना नुकसान वापस नहीं आ सकता।य झल्लन बोला, श्देखिए ददाजू, पुरानी बातें पुरानी हो गयीं जब हमलावर आते थे, हमें पीटकर चले जाते थे लेकिन अब यह हमारे मोदी जी का इंडिया है जो भी हमें आंख दिखाएगा वो आंख निकलवा कर जाएगा और बहुत पछताएगा।य

हमने कहा, श्झल्लन, तू चीजों को हवा में हांक रहा है उन्हें सही नहीं आंक रहा है। चीन की फौज बहुत बड़ी है जो किसी से भी टकरा सकती है, किसी का भी किला ढहा सकती है।य झल्लन बोला, श्तो हमारी फौज ने भी चूडियां नहीं पहन रखी हैं। अगर चीन की फौज ज्यादा हाथ–पैर हिलाएगी तो हमारी फौज से तगड़ी मार खाएगी।य हमने कहा, श्झल्लन, तुझे पता है चीन की नौसेना दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है, हम उसके आगे ज्यादा नहीं टिक पाएंगे, हम उसका कितना भी नुकसान कर दें पर ज्यादा नुकसान हम ही उठाएंगे।य झल्लन बोला, श्देखिए ददाजू, चीन की नौसेना, थलसेना, वायुसेना चाहे जितनी ताकतवर हों पर वे हमसे टकराने की जुर्रत करेंगी तो उसकी भारी कीमत भरेंगी और मार खाके सिर्फ हाय हाय करेंगी।य हमने कहा, श्झल्लन, चीन बहुत बड़ी परमाणु शक्ति है उसके पास आधुनिकतम हथियारों का बहुत बड़ा भंडार है, कमजोर हम भी नहीं है पर हम तीन हैं तो वह चार है। अगर लड़ाई हुई तो हम आसानी से नहीं जीत पाएंगे और चाहे हम जितनी ताकत लगा लें ज्यादा नुकसान हम ही उठाएंगे।य

झल्लन बोला, श्कैसी बात करते हो ददाजू, आपने देखा नहीं तवांग में हमने कैसा कमाल कर दिखाया है, चीन को उसकी औकात दिखाकर मार भगाया है।य हमने कहा, श्पर झल्लन, हमारे देश का विपक्ष तो कुछ और कह रहा है, वह सरकार की बात पर भरोसा नहीं कर रहा है, कह रहा है कि चीन हमारी मीलों मील जमीन पर कब्जा कर रहा है, हमें लगातार पीछे धकिया रहा है, हमारे नये–नये इलाके हथिया रहा है।य झल्लन बोला, श्ददाजू, आप बेगैरत विपक्ष की थोथी–झूठी, भारत विरोधी बातों पर ध्यान दोगे या हमारे महान देश के महान नेतृत्व की महान बातों का संज्ञान लोगे।य

हमने कहा, श्झल्लन, हवा में उड़ान भरना अलग बात होती है और हकीकत से मुठभेड़ करना अलग बात होती है। जो सच्चाई पर परदा डालने की कोशिश करते हैं वे ही देश का बहुत बड़ा नुकसान करते हैं।य झल्लन बोला, श्ददाजू, आप चीन के पक्षकार हो या भारत के पक्षकार हो, हमें तो लगता है कि सारे विपक्षियों की तरह आप भी इस मुल्क के गद्दार हो। हम आपकी तरह नहीं हैं जो चीन से डर जाएंगे और सच्चाई के पीछे जाकर छिप जाएंगे। चीन चाहे जितना ताकतवर हो वह हमारी दहाड़ से मर जाएगा और जिस पहाड़ पर चढ़ा बैठा है वहीं से गिर जाएगा।य हमने कहा, श्तू ये आयं–बांय क्या कह रहा है, किस दहाड़ की बात कर रहा है, हमें तो कहीं सुनाई नहीं दे रही, हमारी चेतना तो किसी दहाड़ का संज्ञान नहीं ले रही।य

झल्लन बोला, श्ददाजू, हमारा पूरा मीडिया दहाड़ रहा है, हमारा हर एंकर चिंघाड़ रहा है, चीन को चेतावनी के साथ–साथ चुनौती उछाल रहा है, अपने न्यूजरूम में बैठे–बैठे चीन की खबर ले रहा है। वह वाक्शक्ति के जो बम–गोली–मिसाइल दाग रहा है उसके आगे चीन के सारे तोप–गोले फुस्स हो जाएंगे और हमारा मीडिया ऐसी ही बहादुरी दिखाता रहा तो अगले चार दिन में हम बीजिंग पर तिरंगा लहराएंगे।य

## पुरानी पेंशन योजना : समस्या नई नहीं विवाद है पुराना

**किंतु पेंशन सामाजिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है, सरकार की जिम्मेदारी है, कर्मचारियों और आम जनता के हित में ऐसी पेंशन योजना आनी चाहिए जिसमें पेंशनधारी और सरकार, दोनों मिलकर खर्च वहन करें, सरकारी कर्मचारियों के साथ–साथ आम वृ) नागरिक भी पेंशन योजनाओं का लाभ उठा सकें। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित देशों की तरह भारत में भी सामाजिक सुरक्षा के ...**

प्रो. लल्लन प्रसाद

वर्षो से चली आ रही पुरानी पेंशन योजना, जो 2004 में अटल बिहारी बाजपेई की सरकार द्वारा बंद कर दी गई थी और उसकी जगह नई पेंशन योजना शुरू की गई थी, सुर्खियों में है।

विपक्षी पार्टियां इसे चुनावी मुद्दा बना रही हैं। पुरानी योजना के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित पेंशन देने की व्यवस्था थी जो उनके वेतन पर आधारित है। कर्मचारी आखिरी वेतन का आधा पेंशन के रूप में लेने के हकदार होते हैं। महंगाई भत्ते में समय–समय पर वृद्धि का लाभ भी पेंशनध ारियों को मिलता है। पेंशनधारी की मृत्यु पर उसके परिजन को भी पेंशन मिलती है। कर्मचारी को पेंशन के लिए सेवा की अवधि ा में कोई कंट्रीब्यूशन नहीं करना पड़ता। पेंशन का सारा खर्च सरकार उठाती है। पेंशन के अतिरिक्त मेडिकल भत्ता और बिलों की रिइंबर्समेंट के प्रावधान भी हैं। सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारी को 20 लाख तक की ग्रेच्युटी भी मिलती है। कर्मचारियों के लिए यह सबसे भरोसेमंद और सुरक्षित योजना रही है। योजना को बंद करने के निर्णय के पीछे सरकार के राजस्व पर बढ़ता बोझ है।

नई पेंशन योजना (एनपीएस) जनवरी, 2004 से शुरू की गई। इसका संचालन पेंशन निधि विनायक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। कर्मचारी की आयु 60 वर्ष पूरे हो जाने के पश्चात उसे पेंशन दी जाती है। 18 से 70 वर्ष के आयु के नागरिकों के लिए यह उपलब्ध है। योजना बाजार संचालित रिटर्न पर आधारित है। पेंशन ग्राहक अपनी बचत को गैर–निकासी योग्य खाते में जमा करता है। कम से कम रुपये 500 से यह खाता खोला जा सकता है। खाते में जमा राशि निवेश की जाती है। सब्सक्राइबर के लिए तीन विकल्प होते हैं। उच्च जोखिम उच्च रिटर्न मुख्य रूप से इक्विटी मार्केट में निवेश, मध्यम जोखिम मध्यम रिटर्न, सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा अन्य ऋण प्रतिभूतियों में निवेश, एवं कम जोखिम कम रिटर्न सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश। सभी चयनित परिसंपत्ति में खाताध ारक का योगदान हंड्रेड परसेंट होता है। जितना योगदान कर्मचारी करेगा उतना ही उसे लाभ मिलेगा। खाते से संचित राशि निकालने की कोई सीमा नहीं होती, नामांकन की सुविधा भी होती है। निश्चित पेंशन की गारंटी इस योजना में नहीं होती। निवेश पर आयकर की धारा 80 सीसीडी के अंतर्गत डेढ़ लाख रु पये तक का टैक्स रिबेट मिलता है।

इस योजना के अलावा अटल पेंशन योजना भी है जो मई, 2015 में शुरू की गई थी, इसमें है 1000 से लेकर 5000 रुपये महीने की गारंटीड पेंशन जो 60 साल के बाद पेंशनधारक द्वारा जमा की हुई रकम के आधार पर मिलती है। निजी क्षेत्र के कर्मचारी भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इनकम टैक्स में निवेश पर छूट भी ऊपर की योजना जैसी मिलती है। इन दोनों योजनाओं में सरकार की ओर से कोई कंट्रीब्यूशन नहीं होता। मार्च, 2022 में नई पेंशन योजना में 22 .48 लाख एवं राज्यों में 55.77 लाख सब्सक्राइबर थे।

सरकारी पेंशन योजनाओं के अतिरिक्त बीमा कंपनियों द्वारा भी पेंशन योजनाएं चलाई जाती हैं। ऐसी एक वरिष्ठ बीमा योजना एलआईसी के माध्यम से प्रशासित है, जो एकमुश्त राशि के भुगतान पर पॉलिसी होल्डर को प्रति वर्ष 9त्न (मासिक आधार पर देय) की गारंटीकृत दर पर पेंशन देती है। योजना का आरंभ 14 अगस्त, 2014 को हुआ था। एलआईसी द्वारा सृजित रिटर्न के बीच अगर कोई अंतर होता है, तो भारत सरकार द्वारा योजना में सब्सिडी से इसकी भरपाई की जाती है। एलआईसी की एक योजना जीवन अक्षय भी है, जिसमें एकमुश्त रकम जमा करके पेंशन प्राप्त की जा सकती है। एसबीआई द्वारा सरल रिटायरमेंट सेवर योजना चलाई जाती है। निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियांरू आईसीआईसीआई, एचडीएफसी, मैक्स, बजाज अलायंस, एबीएसएलआई, कोटक आदि भी पेंशन योजनाएं चलाती हैं।

देश की आबादी 140 करोड़ है, सरकारी पेंशन पाने वालों की संख्या लगभग 2 करोड़ हैरू डेढ़ करोड़ राज्यों में और 48 लाख केंद्र सरकार के अंतर्गत। अप्रैल, 2004 के पहले के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना में हैं। उसके बाद जिन्होंने सरकारी सेवाएं ज्वाइन की हैं, वे नई पेंशन योजना के अंतर्गत हैं। राजस्थान, झारखंड और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू कर दी गई है, पंजाब और दिल्ली में भी योजना लागू होने जा रही है। पेंशन भुगतान पर पिछले 5 वर्षो में राज्यों के बजट में 48त्न की वृद्धि हुई, 2021–22 में सभी राज्यों का पेंशन पर खर्च 406867 करोड़ रु पये था जबकि राजस्व 1594665 करोड़ रुपये। कर्ज में डूबे 10 बड़े राज्यों रू बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में राजस्व का 12. 5त्न पेंशन पर खर्च हो रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, कंट्रोलर एवं ऑडिटर जनरल और मोंटेक सिंह अहलूवालिया सहित अनेक अर्थशास्त्रियों ने पेंशन पर बढ़ते खर्च पर चिंता व्यक्त की है। पुरानी पेंशन योजना यदि फिर से लागू कर दी जाए तो आने वाली पीढ़ी के ऊपर इसका बोझ तेजी से बढ़ेगा। इसे चुनाव जीतने के लालच में रेवड़ी बांटने की संज्ञा दी जा रही है, जो राज्यों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए नकारा नहीं जा सकता।

हिमाचल प्रदेश में हाल के चुनाव में पुरानी पेंशन बहाली बड़ा मुद्दा था। 2021–22 में हिमाचल प्रदेश का कुल राजस्व 9282 करोड़ रु पये था और पेंशन पर होने वाला खर्च 7082 करोड़ रु पये। ऐसी स्थिति में विकास के कार्यों के लिए पैसा कहां बचेगा, रोजगार के नये अवसर कैसे पैदा किए जाएंगे? वर्ष 2023 में देश के कई राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, विपक्षी पार्टियां पुरानी पेंशन योजना को बहाल के वादे कर सकती हैं, जिससे राज्यों की वित्तीय व्यवस्था और कमजोर हो सकती है। किंतु पेंशन सामाजिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है, सरकार की जिम्मेदारी है, कर्मचारियों और आम जनता के हित में ऐसी पेंशन योजना आनी चाहिए जिसमें पेंशनधारी और सरकार, दोनों मिलकर खर्च वहन करें, सरकारी कर्मचारियों के साथ–साथ आम वृद्ध नागरिक भी पेंशन योजनाओं का



# कोहरे का कहर,जेसीबी और स्कूली बैंन की हुई जोरदार भिड़ंत

हरपालपुर,हरदोई |कोहरे के कहर के चलते स्कूली बच्चों को ले कर आ रही वैन सड़क के किनारे खड़ी जेसीबी से टक्कर लगने से वैन पर सवार छात्र और छात्राएं बुरी तरह जख्मी हो गई। उनके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े |आनन-फानन में सभी को सीएचसी बावन पहुंचाया गया। जहां से ड्राइवर और कुछ बच्चों को मेडिकल कालेज के लिए रिफर किया गया है |प्राप्त जानकारी के अनुसार लोनार थाना क्षेत्र के न्योरादेव सवायजपुर हरदोई मार्ग पर सुबह नारायण पब्लिक स्कूल जगदीशपुर की स्कूली वैन छात्र-छात्राओ को ले कर स्कूल आ रही थी। इसी बीच न्यौरादेव के पास चल रहे सड़क निर्माण में लगी जेसीबी खड़ी थी। कोहरे की धुंध के चलते वैन ड्राइवर प्रवीण को जेसीबी नहीं दिखाई दी और स्कूली वैन उसी में जा टकराई |जिससे वैन ड्राइवर 25 वर्षीय प्रवीण पुत्र मटरू लाल निवासी भीखपुर थाना लोनार के अलावा कक्षा 5 का छात्र अनुभव कुमार पुत्र ओमपाल निवासी सवायजपुर,एलकेजी के छात्र रचित कुमार पुत्र अवध किशोर,कक्षा 6 की छात्रा कन्या पुत्री अनूप कुमार निवासी सवायजपुर,10 वीं की छात्रा ज्योति पुत्री अनिल कुमार निवासी नकटौरा पुलिया,9 वीं की छात्रा ऋतिका सिंह पुत्री हरिनाथ सिंह निवासी सिलवारी,10 वीं की छात्रा प्रीती पुत्री कैलाश,9 वीं की छात्रा वर्षा और कक्षा 6 का छात्र आनंद प्रताप सिंह पुत्र ओमपाल सिंह निवासी सवायजपुर जख्मी हो गया |सभी को सीएचसी बावन ले जाया गया। जहां के डाक्टरों ने वैन ड्राइवर प्रवीण के अलावा छात्र अनुभव और छात्रा ज्योति को मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस हादसे की छानबीन कर रही है |स्कूल प्रबंधक और पूर्व विधायक पहुंचें नारायण पब्लिक स्कूल के प्रबंधक और पूर्व विधायक अनिल वर्मा को जैसे ही हादसे की खबर मिली,वे तुरंत मौके पर पहुंचें। पूर्व विधायक श्री वर्मा ने हादसे के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया है कि ड्राइवर प्रवीण काफी जख्मी हुआ है। जबकि बच्चे अब ठीक है। उनका सभी का पूरा इलाज कराया जा रहा है |बदहवास हो कर दौड़ पड़े घर वालेस्कूली वैन के जेसीबी से टकराने का पता होते ही वैन सवार बच्चों के घर वाले बदहवास हो गये सवायजपुर,सिलवारी,नकटौरा और भीखपुर के लोग मौके पर पहुंचें। हादसे की चपेट में आए छात्र और छात्राओं के चेहरे पर हवाइयां उड़ रहीं थीं। अपने घर वालों को देखते ही वह उनसे लिपट कर रो पड़े। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे सदर एसडीएम स्वाति शुक्ला ने बाबन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर हादसे में घायल बच्चों का हालचाल जाना है।

# हरदोई में कागजों का हेरा-फेरी लाखों डकारे

## 23 लोगों ने इंदिरा आवास के लिए 40-40 हजार लिए

हरदोई। जिले में इंदिरा आवास के लिए कागजों पर खुद को गरीब दिखाकर सरकारी धन गबन करने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर बीडीओ ने पुलिस को तहरीर दी है। मामला टड़ियावां ब्लॉक के लिलवल गांव का है। जहां 23 लोगों ने इस तरह फर्जीवाड़ा करते हुए आवास की पहली किस्त का 40-40 हजार रुपए डकार लिया |टडियावा ब्लॉक के लिलवल गांव के 23 लोगों ने इंदिरा आवास के लिए खुद को गरीब बना डाला। उन्होंने कागजों में हेराफेरी करते हुए इस तरह की फर्जीवाड़ा करते हुए आवास की पहली किस्त के 40-40 हजार रुपए ले लिया, लेकिन जब इसका खुलासा हुआ तो जिम्मेदारों के पैरों तले से जमीन खिसक गई |हालांकि डीएम के कड़े रुख के चलते रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई थी। लेकिन लेट-लतीफी के चलते ऐसा नहीं हो सका। इस बारे में बीडीओ ऊषा देवी का कहना है कि इंदिरा आवास में किए गए फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर भेजी गई है। जल्द ही रिपोर्ट दर्ज होगी और सरकारी रकम की वसूली की जाएगी। टड़ियावां ब्लाक के लिलवल गांव में जिन 23 लोगों ने इंदिरा आवास के लिए फर्जीवाड़ा किया, उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इस बारे में बीडीओ ऊषा देवी का कहना है कि पहले जो तहरीर दी गई थी। उसमें कुछ कमी रह गई थी। उस कमी को दूर कर पुलिस को दूसरी तहरीर भेजी गई है।

इस सम्बंध में हरियावाँ थाना प्रभारी ने बताया कि लिलवल गांव के जिन लोगों ने कागजों में हेराफेरी कर सरकारी रकम ले कर उसका दुरुपयोग किया है। उन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। देरी होने के बारे में उन्होंने कहा कि तहरीर में कुछ कमियां थी। जिसे दुरुस्त कर लिया गया है।

# डीएम ने रैन बसेरा का निरीक्षण कर तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश

## 650 स्थानों पर अलाव जलाए जाने का किया दावा,फिर भी नगर में लोग सर्दी से ठिठुरने को मजबूर

हरदोई। शासन के निर्देश पर डीएम एमपी सिंह ने रैन बसेरा का निरीक्षण किया है। जिसमें कमियां पाए जाने पर ईओ को फटकार लगाई है। रैन बसेरा की हालत जर्जर और न कोई व्यवस्था पाई गई है। जिस पर डीएम ने तीनों रैन बसेरा को जल्द सुचारू रूप शुरू कराने के निर्देश दिए है। डीएम ने जनपद के 650 स्थानों पर अलाव जलाए जाने का दावा किया है, जबकि हरदोई नगर में अलाव न लगने से लोग ठिठुरने को मजबूर है। हालांकि कुछ हो ना हो अलाव कागजों पर जरूर जलाए जा रहे है |बढ़ती सर्दी को देखते हुए डीएम एमपी सिंह ने रैन बसेरा का निरीक्षण किया है। जिसमें नगर पालिका, बाबू श्रीशचंद्र अग्रवाल धर्मशाला, रेलवे स्टेशन रैन बसेरा का निरीक्षण किया है। रैन बसेरा की हालत जर्जर और ना कोई व्यवस्था पाई गई। जिस पर डीएम ने ईओ को फटकार लगाई और जल्द व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू करने के निर्देश दिए है। नगर पालिका रैन बसेरा में बोर्ड न लगे होने और गंदगी होने पर नाराजगी व्यक्त की है। साफ सफाई और बोर्ड लगवाने के लिए ईओ को निर्देश दिए है। श्रीशचंद्र अग्रवाल धर्मशाला में गंदगी और कोई भी व्यवस्था न होने पर फटकार लगाई और कहा कि साफ सफाई कराए। साथ ही इस समय बुकिंग न होने पर स्वच्छ हाल में गद्दे और रजाई आदि की व्यवस्था कर रैन बसेरा स्थापित कराने के निर्देश दिए है। अन्य रैन बसेरा के बारे में पूछने पर ईओ और सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरा बनाया जाता था। लेकिन पिछले वर्ष वहां रेलवे प्रशासन ने रैन बसेरा बनाने से इंकार कर दिया। इस पर डीएम ने वहां व्यवस्था देखने के निर्देश दिए और मौके पर जाकर वहां व्यवस्था देखी। स्टेशन अधीक्षक से बात करने पर उन्होंने कहा कि सीनियर डीसीएम से बात कर के रैन बसेरा का इंतजाम करवा दे। जिस पर डीएम ने ईओ को निर्देश दिए कि यहां पर सारी व्यवस्थाएं करे, रात तक रेलवे स्टेशन पर रैन बसेरा की अनुमति मिल जाएगी। रैन बसेरा स्थापित करने का उद्देश्य बाहरी व्यक्तियों को ठंड से निजात मिले और वह शासन की मंशा के अनुसार बिना सर्दी लगे रात काट सके।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार रैन बसेरा स्थापित कराए जा रहे है। आज रैन बसेरा में व्यवस्था को देखा गया जिसमें कमियां पाए जाने पर उनको दुरूस्त करने के निर्देश दिए है |डीएम ने जनपद के 650 स्थानों पर अलाव जलाए जाने का दावा किया है। जिसमें नगर पालिका और पंचायत में अधिशाषी अधिकारी और ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर अलाव लगवा रहे है। आम नागरिकों से फीडबैक लेकर अन्य स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। वहां पर भी अलाव लगवा कर आम जनमानस को राहत पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। हालांकि नगर में अधिकतर स्थानों पर अलाव न लगने से लोग ठिठुरने को मजबूर है। भले ही कागजों में 650 स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हो लेकिन आम नागरिकों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। डीएम के निरीक्षण के बाद आम नागरिकों को अलाव जलाए जाने की आस जरूर जगी है।

# रूपापुर चौकी पुलिस की करतूत बदनाम हो रही खाकी

पाली,हरदोई |एक प्राइवेट बस की तलाशी के दौरान कांस्टेबल के हाथ में तमंचा दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है तमंचा बरामद होने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्यवाही न करना उसकी कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगना लाजमी है |पाली थाना क्षेत्र के रूपापुर पुलिस चौकी सामने से होकर गुजर रही एक प्राइवेट बस जो यात्रियों को लेकर मथुरा जा रही थी रोका गया और लगेज बॉक्स की तलाशी के दौरान एक कॉन्स्टेबल हाथ में तमंचा पकड़े दिखाई दे रहा है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब तेजी से वायरल हो रहा है तमंचा बरामदगी के बाद भी रूपापुर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करना उसकी कार्यप्रणाली पर तरह-तरह के सवाल उठने लाजमी है इस संबंध में थाना अध्यक्ष राज कुमार पांडे ने बताया कि वीडियो 3 सितंबर का है एक युवक ने सुनियोजित तरीके से बस के पास टूटा हुआ तमंचा फेंक दीया गया था इस संबंध में एक रिपोर्ट क्षेत्राधिकारी शाहाबाद हेमंत उपाध्याय को भेजी जा चुकी है।

# पठान फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग

सहारनपुर। हिन्दू जागरण मंच महानगर के तत्वावधान मे शाहरुखद्द खान की फिल्म 'पठान' में भगवा बिकिनी पहनकर 'बदनाम रंग' नामक गाना से हिन्दू भावनाओ को ठेस पहुंचाए जाने के विरोध मे उक्त फिल्म को बैन किये जाने हेतु प्रधानमंत्री को जिलाधिकारी सहारनपुर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए प्रांत सह संयोजक ठा.सूर्यकान्तसिंह ने कहा कि शाहरुख और दीपिका अभिनेत्रित फिल्म पठान को बहुत ही अश्लील तरीके से फिल्माया गया है और जानबूझ कर अभिनेत्री द्वारा भगवा रंग की बिकिनी पहनी गई है। उक्त फिल्म पठान में भगवा बिकिनी पहनकर बेशरम रंग नामक गाना से हिन्दू भावनाओ को ठेस पहुंचाई गयी है जो बर्दास्त योग्य नहीं है जो समस्त हिन्दू समाज का अपमान है। आज देश मे गजवा ए हिन्द के समर्थक विधर्मी लोग सनातन धर्म को अपमानित करने का प्रयास कर रहे है जिसको हिन्दू समाज को पहचानना होगा तथा ऐसी देश व हिन्दू विरोधी शक्तियो व विचार धारा के पोषको का दृढता पूर्वक शमन करना होगा। हिन्दू जागरण मंच का है आह्वान ,भगवा का अपमान नही सहेगा हिन्दुस्तान। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष अनिल आरोडा ने कहा आज देश मे हिन्दू धर्म को बालीवुड के नशेडी गॅजेडी अश्लील ता वादी एक चुनौती बन गये है हमे पुरजोर तरीके से विरोध करते ऐसे तत्वो को सबक सिखाना होगा |इस अवसर पर हर्ष डाबर प्रदीप ठाकुर अश्वनी शर्मा , राजकुमार शर्मा , रजत गोयल धर्मपाल कश्यप कुलदीप राणा प्रवेश मांगेराम त्यागी रामपाल कोरी वीरेन्द्र चौहान, वंश, अविनाश सिंह ठाकुर सुरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित कार्यकर्ताओ रहे।

# उ.प्र.मा.प्राप्त शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति अविलम्ब बहाल की जाए: अशोक मलिक

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक पेपर मिल रोड स्थित जय हिन्द पब्लिक स्कूल में आयोजित की गयी। बैठक में भारत सरकार की अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति को बहाल किये जाने व आरटीई का 25 प्रतिशत निःशुल्क छात्र-छात्राओ का विगत चार वर्षों से लम्बित भुगतान अविलम्ब दिये जाने पर चर्चा की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि देश के लाखो मुस्लिम बच्चों भविष्य अंधकारमय हो गया है क्योंकि सरकार ने कक्षा 1 से 8 के छात्रों के डाटा आरटीई का हवाला देकर अपने पोर्टल से रिजेक्ट कर दिया है जबकि मदरसे आरटीई के अंतर्गत नहीं आते हैं, जो सरासर गलत है, अभी पिछले चार वर्षों से आरटीई के बच्चों का फीस प्रतिपूर्ति सरकार ने निजी शिक्षण संस्थाओं को नहीं दी है, निजी शिक्षण संस्थाओं का पूर्व का कर्जा देकर ही सरकार को फैसला लेना चाहिए था जबकि सरकार को चाहिए कि जो बच्चा आरटीई का लाभ ले रहा है, उसी को रिजेक्ट करना चाहिए बाकि गरीब दुर्बल वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस मामले में तत्काल संज्ञान नहीं लिया गया तो संघ आगामी 27 दिसम्बर जिला मुख्यालय पर अधिकारियों का घेराव किया जायेगा यदि इसके बाद भी हमारी मांग नहीं मानी गयी तो संसद का घेराव करेंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए संरक्षक बालेश्वर त्यागी, जिलाध्यक्ष के.पी.सिंह व महामंत्री हंस कुमार ने परिवहन नीति का विरोध करते हुए कहा कि स्कूल वैन की अवधि बढ़ायी चाहिए क्योंकि स्कूल वाहन प्रतिदिन मात्र 20 से 30 किमी. ही चलते है। इसलिए विभाग को संज्ञान लेकर इनकी अवधि 25-30 की बढानी चाहिए। संघ पदाधिकारी राशिद अली, प्रवीन गुप्ता, शिव कुमार मालियान व एड.जितेन्द्र सिंह गोरियान ने कहा कि निजी स्कूलों को गृहकर, जलकर, विद्युत कर से मुक्त रखना चाहिए। क्योंकि उक्त संस्थान बिना लाभ-हानि के संचालित हो रही है। और आरटीई का विगत 2016-17 से आधा अधूरा बकाया है, उक्त भुगतान आज तक का अविलम्ब दिया जाना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि यदि उनकी मांगों का निस्तारण नहीं होता है तो वे जिला मुख्यालय के साथ-साथ संसद का घेराव करेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष के.पी.सिंह व संचालन जितेन्द्र गोरियान एड. ने किया। बैठक को रालोद के प्रदेश सचिव भूरा मलिक ने भी समर्थन दिया। बैठक में सुहेल, शिव लाल, अमित कुमार, नूर मौहम्मद, भूरा मलिक, मिनाक्षी, सोनिया, अंजू, रीता, गीता, खुर्शीद मलिक, अरविंद सैनी, आदि सैकड़ों संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक मिली, सात दुकानों पर 12 हजार जुर्माना

सहारनपुर। नगर निगम स्वास्थय विभाग और उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्थानीय अधिकारियों ने प्रवर्तन दल को साथ लेकर एक गोदाम सहित शहर की 30 दुकानों पर जांच की। सात दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद करते हुए 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रदेश शासन के निर्देश पर आज नगर निगम के स्वास्थय विभाग की टीम ने प्रवर्तन दल व प्रदूषण विभाग के साथ संयुक्त रुप से सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया और घंटाघर पर 17, कोर्ट रोड पर 7, दिल्ली रोड पर 5 और ज्वाला नगर में एक गोदाम सहित 30 दुकानों की जांच की। ज्वालानगर गोदाम से प्रतिबंधित पॉलीथिन नहीं मिली लेकिन अन्य क्षेत्रों की सात दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद होने पर 12 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक अमर ज्योति, अमित तोमर, अमरीश, राजेश, सोमकुमार, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी, नरेश, हेमराज, प्रवीन, प्रदीप, पवन, रणदीप, शिव कुमार, विक्रम व जगपाल तथा प्रदूषण विभाग के वैज्ञानिक अरविंद कुमार के अलावा प्रमोद सेमवाल, व विजय कुमार आदि मौजूद रहे।


**सूचना**

**मैं पप्पू शर्मा पुत्र राम चरन घोषणा करता हूॅ की वास्तव में मेरा एम.ए. समाजशास्त्र द्वितीय वर्ष का नामांकन सं0J172011129,वर्ष 2018-19,गायब हो गया है।**

**सूचना**

**मैं प्रकृति गुप्ता पुत्री बालकृष्ण गुप्ता घोषणा करता हूॅ की वास्तव में मेरा एम.ए. (अग्रेजी) द्वितीय वर्ष का नामांकन सं0-J172011939,वर्ष 2018-19,गायब हो गया है।**

**सूचना**

**मैं सलमान खान पुत्र इम्तियाज अहमद घोषणा करता हूॅ की वास्तव में मेरा बी.एस.सी.(मैथ)प्रथमव वर्ष का नामांकन सं0-N181090654,वर्ष 2018-19,गायब हो गया है।**

**सूचना**

**मैं कु0 नेहा यादव पुत्री शत्रुजीत यादव घोषणा करती हूॅ की वास्तव में मेरा बी.ए.तृतीय वर्ष का नामांकन सं0-J161081330,वर्ष 2018-19,गायब हो गया है।**

**सूचना**

**मैं कु0 पूजा देवी पुत्री हरीराम गौतम घोषणा करती हूॅ की वास्तव में मेरा बी.ए.तृतीय वर्ष का नामांकन सं0-J171081156,वर्ष 2019-20,गायब हो गया है।**

**सूचना**

**मैं सुमित कुमार बाल्मिकी पुत्र जगदीश प्रसाद घोषणा करता हूॅ की वास्तव में मेरा एम.ए. (शिक्षा शास्त्र) द्वितीय वर्ष का नामांकन सं0-J172011458,वर्ष 2018-19,गायब हो गया है।**


# नागरिक सुरक्षा कोर की बैठक सम्पन्न

सहारनपुर। नागरिक सुरक्षा कोर पोस्ट चार नगर प्रभाग की दिसंबर माह की मासिक बैठक सेक्टर वार्डन सन्नी जैन के निवास स्थान मोहल्ला शोरम्यान, शीशे वाली मस्जिद की गली में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रभागीय वार्डन राकेश जैन कलेक्ट्रेट वाले वालों ने कहा की आपकी पूरी पोस्ट व आपके पोस्ट वार्डन मुकुल गुप्ता, डिप्टी पोस्ट वार्डन प्रदीप कुमार जैन तथा सभी सेक्टर वार्डन द्वारा पूरे तन मन से जो समाज सेवा का कार्य किया गया है उसके प्रतिफल स्वरूप पूरे नगर प्रभाग में आपकी पोस्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है यह बड़े ही हर्ष का विषय है मैं आशा करता हूं कि यह पोस्ट संख्या चार नगर प्रभाग भविष्य में इससे भी अच्छा कार्य करें एवं आगे उन्नति की ओर अग्रसर हो। इसके अतिरिक्त आईसीओ अर्चना रानी को विशेष पुरस्कार मिला मिलने पर उन्हें भी बधाई व शुभकामनाएं दी गई। पोस्ट वार्डन मुकुल गुप्ता एवं डिप्टी पोस्ट वार्डन प्रदीप कुमार जैन ने सभी वार्डन साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग एवं समय दान से हमारी पोस्ट ने यह विशेष पुरस्कार प्राप्त किया है आपके इसी प्रकार सहयोग मिलने से भविष्य में हम समाज सेवा कि यह मशाल जनमानस में जगाते रहेंगे।। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष कार्यों के फल स्वरुप प्रदत प्रशस्ति पत्र पोस्ट वार्डन मुकुल गुप्ता, डिप्टी पोस्ट वार्डन श्री प्रदीप कुमार जैन एवं फायर फाइटर श्री संजय पांचाल जी को प्रदान किए गए। इस बैठक में सेक्टर वार्डन अमित पांचाल, दीपक जैन, सुमित पांचाल, संदीप अग्रवाल, सनी जैन, उद्भव माहेश्वरी,प्रवीण कुमार जैन, सचिन गोयल, विदीता चौरसिया, युवराज, रमन जैन, निखिल जैन, पारुल जैन एवं नेहा जैन आदि उपस्थित रहे।

# महिलाएं वैदिक यज्ञ से लेकर आज के दौर में आसमान में उड़ा रहे हैं फाइटर प्लेन

हरपालपुर,हरदोई |कस्बे में महिला पुलिस कर्मियों ने एंटी रोमियो अभियान के तहत स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया है। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें आत्मरक्षा के गुर भी बताए हैं |हरपालपुर कस्बे में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों ने .कस्बे में स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक करते हुए आत्मरक्षा के गुर सिखाए हैं। महिला कांस्टेबल सुप्रिया सिंह ने कहा कि महिलाएं अपने आप को किसी से कम न समझें। महिला कांस्टेबल किरन वर्मा ने बताया कि स्कूल आने वाली छात्राओं को अगर घर से आने के बाद रास्ते में किसी भी प्रकार की अगर कोई समस्या उत्पन्न होती है |तो वह डायल 112,1090, 1076 एवं थाने के सीयूजी नंबर पर अपनी समस्या बता सकती हैं। पुलिस तत्काल उनकी समस्या का निस्तारण करेगी। महिला कांस्टेबल मित्तल पाठक ने कहा क महिलाएं राजनीति से लेकर पुलिस फोर्स व सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर रही हैं।

# लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर धन उगाही करने वाले लोगों को गन्ना सेंटर से तत्काल हटाया जाए-डीएम

हरदोई |जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने आज हरियावां चीनी मिल की ओर से ब्लाक सुरसा के ग्राम चचरापुर में संचालित गन्ना तौल केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने बताया कि केन्द्र पर गन्ना लोड-अनलोड के नाम पर लोडर मशीन कर्मचारी द्वारा 100 रूपया प्रति वाहन लिया जाता है, इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी आपत्ति जताते हुए जिला गन्ना अधिकारी सना आफरीन एवं चीनी मिल अधिकारी को निर्देश दिये कि इस कर्मचारी को तत्काल हटाते हुए कार्यवाही करें |जिलाधिकारी ने चीनी मिल अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में अपनी मिलो के सभी संचालित गन्ना तौल केन्द्र पर एक बड़ा बैनर लगवायें और उस पर लिखवायें कि केन्द्र पर गन्ना तौल के अलावा किसी भी कार्य में किसी प्रकार की कोई धनराशि नहीं ली जाती है, और यदि किसी किसान से धनराशि की मांग की जाये तो जिलाधिकारी या जिला गन्ना अधिकारी को जानकारी दें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से वार्ता करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार गन्ना तौल के सम्बन्ध में किसी प्रकार की धनराशि नहीं ली जाती है और ऐसा करने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# सायमा मसूद को मिली हरी झंडी बसपा से लड़ेगी चुनाव

सहारनपुर। नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने से पूर्व ही बहुजन समाज पार्टी ने महानगर में अपने प्रत्याशी की घोषणा करने के साथ ही सभी उठापटक पर विराम लगा दिया। सहारनपुर पहुंचे पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी द्वारा पश्चिम उत्तर प्रदेश के संयोजक काजी इमरान मसूद की पत्नी सायमा मसूद को महानगर से मेयर प्रत्याशी घोषित किया है। अंबाला रोड स्थित होटल राज महल में प्रेस वार्ता के दौरान पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी शमसुद्दीन राईन ने बसपा सुप्रीमो के आदेशों से सभी को अवगत कराते हुए सायमा मसूद को चुनाव लड़ाने का ऐलान किया है। प्रेस वार्ता के दौरान उत्तराखंड प्रभारी नरेश गौतम , पूर्व विधायक रविंद्र मोल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख इमरान मलिक,पूर्व मंत्री काजी शायन मसूद,बसपा कोऑर्डिनेटर सरफराज राईन,मियां बबलू जैदी सहित काफी संख्या में बसपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुशीनगर के बंदी की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

देवरिया। जिला कारागार में बंद कुशीनगर जिले के एक बंदी की दोपहर में हालत नाजुक हो गई। बंदीरक्षकों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने करीब 24 दिन पहले एक टेंट हाउस में लगे बल्ब चोरी के आरोप में उसका चालान किया था। परिजन आरोप लगा रहे हैं कि घटना के दिन कुछ लोगों ने चोरी का आरोप लगाते हुए उसकी गंभीर रूप से पिटाई कर दी थी। पड़रौना कोतवाली क्षेत्र के दरबार रोड निवासी अख्तर (27) को 25 नवंबर को घर के सामने एक विवाह भवन में बल्ब चोरी के आरोप में पकड़ा गया था। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। परिजनों का आरोप है कि विवाह भवन में टेंट लगाने वाले एक युवक और कुछ कर्मचारियों ने पुलिस के सामने ही उसकी पिटाई कर दी थी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसके बाद पुलिस उसे कोतवाली लेकर चली गई। 26 नवंबर को पुलिस ने चालान कर दिया। तभी से वह जेल में बंद था। जेल प्रशासन ने करीब एक सप्ताह पहले उसे जेल के अस्पताल में भर्ती किया। परिजनों ने बताया कि मां आयशा दो बार कारागार में मिलने भी गई थी, जिसमें युवक की हालत गंभीर देखकर इलाज के बारे में पूछा तो कारागार में इलाज होने की बात बताई गई। रात में अचानक उसकी तबीयत खराब हुई। जिस पर कारागार की पुलिस ने अख्तर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दोपहर में भर्ती होने के बाद रात में करीब 11 बजे पडरौना कोतवाली के दो सिपाहियों ने घर जाकर अख्तर की तबीयत खराब होने की सूचना परिवार को दी थी। सुबह मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। इस संबंध में जेलर राजकुमार ने बताया कि युवक की तबीयत खराब थी। उसका जेल के अस्पताल में इलाज चल रहा था। सुबह करीब 7:40 बजे उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई है।

## किसान दिवस का आयोजन 23 दिसम्बर को

कुशीनगर। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसके क्रम में माह दिसम्बर– 2022 का किसान दिवस दिनांक 23 दिसम्बर 2022 को किसान सम्मान दिवस स्थान जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने समस्त सम्बंधित अधिकारियोंध किसान बंधुओं से अनुरोध किया है कि दिनांक 23 दिसम्बर 2022 को समय 11 बजे, स्थान– जिला पंचायत सभागार में सम्यक सूचनाओ के साथ उपस्थित होंगे।

## सुशासन दिवस का आयोजन 23 दिसम्बर को

कुशीनगर 20 दिसम्बर । अपर जिलाधिकारी देवी दयाल वर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में दिनांक 19 से 25 दिसंबर 2022 तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सुशासन के कार्यों की कार्यशाला 23 दिसंबर 2022 को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया है। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इसके अंतर्गत प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार द्वारा ष्सुशासन सप्ताह– प्रशासन गांव की ओरष दिनांक 19 से 25 दिसंबर 2022 के मध्य मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

# एस बी टी के बच्चों ने साइबर क्राइम से बचने के सीखे गुर

## साइबर सुरक्षा, एक अनिवार्य कदमः चेयरमैन एम एन त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौरी बाजार/देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के बिशुनपुरा, बखरा स्थित एस बी टी पब्लिक स्कूल में साइबर क्राइम से बचने के लिए तीन



दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भारत सरकार और जनार्दन प्रसाद मेमोरियल मल्टीपरपज सोशल सर्विस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 17 दिसंबर को साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे विद्यालय के 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं 19,20,21 दिसंबर को तीन दिवसीय प्रोजेक्ट आधारित कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमे 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। देश का युवा वर्ग डिजिटाइजेशन के सहारे से बहुत ही सुविधाजनक तरीके से घर बैठे ही विश्व भर की तकनीकी जानकारी प्राप्त कर पा रहा है डिजिटाइजेशन से पढ़ाई करने के साधन भी बढ़ गए हैं। परंतु विज्ञान के इस कदम के साथ ही साइबर क्राइम के दर में भी वृद्धि हुई है। सर्वे के अनुसार पाया गया है कि छात्र सोशल मीडिया का इस्तेमाल कम उम्र में ही करने लग रहे है जिससे वे साइबर क्राइम की चपेट में आ जा रहे है। इससे बचने के लिए सरकार ने कुछ ऐसे कदम उठाए जिससे कि जिले के कुछ विद्यालय में साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग दी जाए, जिसे बच्चे अपने साथ के बच्चो के साथ बांट कर सबको साइबर सुरक्षा से अवगत कराएं। प्रोग्राम के मुख्य ट्रेनर इंजीनियर शिवम तिवारी ने बच्चो को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन, एनीडेस्क एवं कीलोगिंग जैसे टेक्नोलॉजी से अवगत कराते हुए साइबर क्राइम से बचने के टिप्स एवं ट्रिक्स बताए। तीन दिन की कार्यशाला में बच्चो को हैंड्स ऑन प्रैक्टिकल करा कर टू स्टेप वेरिफिकेशन, सिक्योरिटी एंड प्राइवेसी की प्रैक्टिस कराई गई। प्रोजेक्ट के मुख्य अतिथि हसन राजा ने भी बच्चो के साथ उपयुक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी, प्रशासक अबू दानिश, तथा शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग रहा।

# एथलीटों का होना था चयन, स्टेडियम में भर गया पानी

देवरिया। प्रदेश सरकार की ओर से विशेष रूप से कराए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी प्रतियोगिताओं को लेकर खेल विभाग बिल्कुल भी जिम्मेदार नहीं है। जिला एथलेटिक्स टीम के चयन के लिए . .ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को बुलाया गया था। स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही ट्रायल आयोजित होना था और सुबह से ही उसमें पाइप बिछाकर पानी चला दिया गया। फजीहत होते देख जल्दी–जल्दी बिना ट्रायल कराए ही पांच सदस्यीय जिला टीम का चयन मंडल ट्रायल के लिए कर लिया गया। ऐसे में साफ पता चलता है कि खेलों के लेकर विभाग कितना गंभीर है। खेल निदेशालय की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी सीनियर स्टेट पुरुष व महिला एथलेक्टिस प्रतियोगिता 24 से 25 दिसंबर तक गोरखपुर में होनी है। जनपद के खिलाड़ी भी इसमें प्रतिभाग कर सकें, इसके लिए जिला ट्रायल .सुबह 10 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्धारित किया गया था। सुबह ट्रायल देने के लिए खिलाड़ी जुटने भी शुरू हो गए थे। हालांकि, खेल विभाग के जिम्मेदारों ने ट्रायल का ख्याल न रखते हुए सुबह ही ग्राउंड में पाइप बिछाकर पानी चलवाना शुरू कर दिया। दोपहर तक ग्राउंड के चारों हिस्सों पर पानी ही पानी नजर आ रहा था। किसी को ध्यान नहीं रहा कि स्टेट एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए जिला टीम चयन के लिए खिलाड़ियों को बुलाया गया है। पानी भरे स्टेडियम में अगर ट्रायल होता तो खिलाड़ी चोटिल भी हो सकते थे।

एथलेटिक्स संघ को भी नहीं दी समय से सूचना

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव शिवानंद नायक ने बताया कि ट्रायल था और उन्हें इसकी सूचना सुबह 11 बजे दी गई। ऐसे में वह कितने खिलाड़ियों को सूचना दे पाते। यहां तक कि खेल विभाग ने उन्हें एक दिन पहले सूचित करना तक जरूरी नहीं समझा। जिला एथलेटिक्स संघ में वर्तमान में 150 से अधिक एथलेटिक्स के खिलाड़ी पंजीकृत हैं। समय से सूचना मिल गई होती तो ट्रायल में आने खिलाड़ियों की संख्या अधिक होती और स्टेट में भी जनपद की मजबूत भागीदारी होती।

खिलाड़ियों के आने का नहीं किया इंतजार, जुगाड़ से चुन ली टीम

स्टेडियम में सुबह 10 बजे से होने वाले ट्रायल के लिए खिलाड़ियों की कम संख्या होने पर इंतजार किया जाता है। दो या तीन बजे अपराह्न से फिटनेस व गेम स्किल जांच कर अक्सर 10 सदस्यीय टीम का चयन किया जाता है। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों का इंतजार तक नहीं किया गया। ग्राउंड में पानी चलने के बाद अपनी फजीहत होते देख विभागीय लोगों ने जल्दी–जल्दी पांच खिलाड़ियों का चयन भी कर लिया। इसमें मो. रिजवान अली, अभय गुप्ता, विक्की गोंड, राजू कुमार चौरसिया, अवनीश यादव शामिल रहे। तेजी का आलम यह रहा कि इस पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव से भी दोपहर में ही हस्ताक्षर करा लिए गए।

# तीन एडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि दी

## योजनाओं की धीमी प्रगति पर सीडीओ हुए नाराज

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने . गूगल मीट के माध्यम से समस्त प्रकार के पेंशन, कन्या सुमंगला, आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान प्रगति धीमी पाए जाने पर तीन एडीओ समाज कल्याण अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

सीडीओ ने समीक्षा में पाया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत आधार प्रमाणीकरण में विकास खंड बरहज 15, भलुअनी 08, भाटपाररानी 06, देसही देवरिया 05, लार 22, रूद्रपुर 16 एवं सलेमपुर में मात्र 09 आधार प्रमाणीकरण 13 दिसंबर 2022 से 20 दिसंबर 2022 तक कराया गया है जो सबसे कम प्रगति है। इसके लिए सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण जहेन्द्र, राकेश कुमार, मनोज सिंह को धीमी प्रगति के लिए प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीडीओ व एडीओ समाज कल्याण को विशेष रूचि लेते हुए शतप्रतिशत आधार प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया।

निराश्रित महिला पेंशन व विधवा पेंशन ब्लाक रामपुर कारखाना में 06 आवेदन बीडीओ के पोर्टल पर लंबित पाया गया। कन्या सुमंगला योजना के तहत ब्लाक भलुअनी 18, भटनी 15, गौरीबाजार 18 एवं रूद्रपुर में 30 आवेदन पत्र पोर्टल पर लंबित पाया गया, जिन्हें 2 दिन के अंदर निस्तारण करने को कहा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना माह जनवरी 2023 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत सभी बीडीओ व एडीओ समाज कल्याण को निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लाक से 30–30 पात्र जोड़ों का चयन करते हुए आवेदन पत्र जांच के पश्चात सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करा दें। व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना आनलाइन योजना के तहत ब्लाक बैतालपुर 25, देसही देवरिया 48, भटनी 45, बनकटा 39 एवं लार 34 आवेदन पत्र बीडीओ के पोर्टल पर लंबित पाया गया। सभी बीडीओ को जांच के पश्चात आवेदन पत्रों की औपचारिकताएं पूर्ण कर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा दिव्यांगजन पेंशन योजना, आंगनबाड़ी भवन निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र भवन पूर्ण कराने को कहा।

# 2010 के बाद नियुक्त परिषदीय शिक्षकों का पुनः होगा सत्यापन

देवरिया। वर्ष 2010 की बाद परिषदीय स्कूलों में नियुक्त हुए शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाणपत्रों की पुनः जांच कराने की तैयारी हो रही है। इसे लेकर उनकी धड़कनें तेज हो गई हैं, जिनके ऊपर जांच की आंच आ सकती है। शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़ा में पिछले पांच सालों में जनपद में अब तक 66 फर्जी शिक्षकों को सेवा से बाहर किया जा चुका है। कई के खिलाफ अब भी जांच लंबित चल रही है। शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा किए जाने को लेकर जनपद लगातार शासन के रडार पर रहा है। वर्ष 2010 के बाद हुई नियुक्तियों में तत्कालीन अधिकारियों व नियुक्ति पटल देख रहे लिपिकों की मिलीभगत से फर्जी प्रमाणपत्रों पर ही कई शिक्षक पिछले कई वर्षों से विद्यालयों में जमे हुए हैं। जांच की आंच इन तक न पहुंचे, इसके लिए विभागीय लोग ही इन शिक्षकों का पूरा ख्याल रखते हैं।

कई बार एसटीएफ भी बेसिक कार्यालय आकर इस संबंध में जांच–पड़ताल कर चुकी हैं। कुछ शिक्षकों के रिकॉर्ड भी ले जा चुकी है। जिन शिक्षकों के संबंध में शिकायतें हुई हैं या मानव संपदा पोर्टल पर जिनके रिकॉर्ड प्रदेश के किसी अन्य जनपद में तैनात शिक्षकों से मैच हुए हैं, उन्हें नोटिस जरूर दिया गया है।

हालांकि, जांच की गति बेहद धीमी होने से ऐसे शिक्षकों के मन में डर भी कम हुआ है। ऐसे शिक्षक अपने विद्यालयों से भी अधिकतर समय अनुपस्थित ही रहते हैं। आलम यह है कि अक्तूबर माह में एक शिक्षक के बाद दिसंबर माह में पिछले दिनों गौरीबाजार के एक प्रधानाध्यापक को सेवा से बाहर किया गया है।

मुकदमा दर्ज कराने में भी बीईओ करते रहे हैं लापरवाहीः फर्जी शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज कराने में पहले तो बीएसए और बीईओ के बीच ही गेंद एक–दूसरे के पाले में डालने का उपक्रम चलता रहा। बाद में शासन सख्त हुआ तो बीईओ ने एफआईआर दर्ज करानी शुरू की। इसके बावजूद जनपद में ही कई शिक्षक अपने खिलाफ जांच के विरुद्घ स्थगन आदेश पाकर बेफिक्र होकर नौकरी कर रहे हैं। विभागीय समीक्षा में अधिकारियों के ढीले रवैए पर शासन सख्तः महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने भी इस संबंध में बीएसए को पत्र जारी किया है। पिछले दिनों विभागीय समीक्षा में फर्जी शिक्षकों की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई में ढिलाई पर शासन स्तर से नाराजगी जताए जाने के बाद अब जिले में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की ओर से वर्ष 2010 के बाद हुई शिक्षकों की नियुक्तियों की जांच 15 दिन के अंदर कराने के लिए कहा गया है। साथ ही फर्जीवाड़े में बर्खास्त किए गए शिक्षकों की सेवा समाप्ति, एफआईआर व वेतन वसूली की कार्रवाई तेज किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# संपत्ति बिबाद को लेकर बेटे बहू व पोते ने की बुर्जग की हत्या

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डेहरीभार के धौसहर गांव में बुधवार की तड़के सुबह लगभग छह बजे समपत्ति बिबाद को लेकर बृद्ध बाप को छोटे लड़के उसकी बहु व उसके लड़के (नाती) ने लाठी डंडों से बुरी तरह पीट कर व गला दबाकर बिस्तर पर ही निर्मम हत्या कर दिया। घटना की सूचना ग्राम वासियों द्वारा गोला पुलिस को दी गयी। सूचना पाते ही एस ओ गोला अश्वनी कुमार तिवारी अपने हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुचे। घटना स्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर सी ओ गोला जगतराम कन्नौजिया भी पहुचे। और जल्द घटना को अंजाम देने वालो को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। कुनवार गांव निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र कालू यादव उम्र 83 बर्ष बीते लगभग पैतीस बर्ष से आकर ग्राम सभा डेहरीभार के मौजा धौसहर में मकान बनाकर रहते थे। और जमीन भी खेती की खरीद



लिए थे। पैतृक गांव से कोई वास्ता नही रह गया था। इनके दो औलाद रामबहाल व लालमन थे। राम बहाल की मृत्यु हो चुकी है। दोनों लड़के अलग अलग रहते है। राम बहाल के मृत्यु के बाद राजेन्द्र अपनी बिधवा पुत्र बधू के साथ रहकर उसके परिवार की देखभाल करते थे ।लालमन के परिवार को यह बात गवारा लगती थी। राजेन्द्र ने बैंक से कुछ कर्ज ले लिया था। उसको अदा करने के लिए कोई ब्यवस्था न देख वह अपनी कुछ जमीन बेच कर बैंक को कर्ज अदा करना चाहते थे। यह बात लालमन को अच्छी नही लगी। और आज बुधवार की सुबह राजेन्द्र के पास पहुच कर उसके लड़के लालमन व लालमन की पत्नी विमला व बेटा संजय उर्फ मुन्ना ने बिस्तर पर ही लाठी डंडों से बुरी तरह पीट कर गला दबाकर हत्या कर दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दिया। मौके पर गोला पुलिस पहुची। शव को कब्जे में लेकर पी एम भेज दिया।

**■ गोला पुलिस ने मौके पर पहुच कर शव कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेजा**

**■ शीला की तहरीर पर तीन नामजद के विरुद्ध हत्या का मुकदमा हुआ दर्ज हत्या में लिप्त मुल्जिम घर छोड़ हुए फरार**

मृतक राजेन्द्र की पुत्र बधू शिला देवी के लिखित तहरीर पर लालमन, विमला देवी व संजय के विरुद्ध धारा 302 व 34 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही शुरू कर दिया है। एस ओ गोला का कहना है कि लिखित तहरीर मिल गयी है तहरीर के अनुसार धारा 302 व 34 आई पी सी में मुकदमा नामजद दर्ज कर पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही है। जल्द ही अभियुक्त पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# शहर के हर चौराहे पर कैमरे की कैद में होंगे लोग एडीजी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। पादरी बाजार क्षेत्र के असुरन स्थित राप्ती कांपलेक्स सर्राफा मंडल समिति के व्यापारियों द्वारा बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एडीजी अखिल कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई,

**■ गोरखपुर शहर को अन्य शहरों के लिए नजीर की तरह करेंगे पेश**

**■ व्यापारियों व पार्षद द्वारा किया गया कार्य बेहद सराहनीय**

**■ व्यापारियों द्वारा त्रिनेत्र अभियान में जागरूक करने को लगाई गई गाड़ियां**



क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ, शाहपुर थानाध्यक्ष व स्थानीय पार्षद व पूर्व उपसभापति चंद्रशेखर सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों को एडीजी द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजी ने कहा कि जल्द ही शहर का ऐसा कोना नहीं होगा जो कैमरे की जद में ना हो शहर के चप्पे–चप्पे पर कैमरे लगाए जाएंगे जिससे कि व्यापारियों की सुरक्षा हो सके साथ ही गोरखपुर शहर को अन्य जिलों के लिए एक नजीर की तरह पेश किया जाएगा जिस तरह व्यापारियों द्वारा त्रिनेत्र अभियान में आम जनमानस व व्यापारियों को जागरूक करने के लिए स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से गाड़ियों द्वारा प्रचार प्रसार कर लोगों में जागरूकता फैलाई जा रही है या बेहद सराहनीय कार्य है। शाहपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय पार्षद चंद्रशेखर द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। स्थानीय पार्षद चंद्रशेखर सिंह ने माला पहना कर एडीजी का स्वागत किया। इसके साथ ही पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमलेश तिवारी, दिनेश सिंह, दीपकमल सिंह, मनवीर सिंह, राजेश तुलस्यान, महेश्वर सिंह, नदीम अली, अरशद लारी, संजीव सुल्तानिया, विजय बहादुर मल्ल, विजय सिंह, विनय सिंह, राजा सिंह, मणिनाथ गुप्ता, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# त्रिनेत्र जागरूकता अभियान की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर एडीजी ने किया रवाना

## दीपकमल कांप्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरे को दिखाकर व्यापारियों को एडीजी ने किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। व्यापारियों को जागरूक करने के लिए लगाई गई गाड़ी को



बुधवार को एडीजी अखिल कुमार ने शहर के असुरन स्थित राप्ती कांपलेक्स से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एडीजी अखिल कुमार के साथ क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ, शाहपुर थानाध्यक्ष, चौकी इंचार्ज असुरन, चौकी इंचार्ज जेल रोड सहित आदि मौजूद रहे। राप्ती कांपलेक्स के व्यापारियों को सम्मानित करने पहुंचे एडीजी ने व्यापारियों की जागरूकता को लेकर त्रिनेत्र अभियान के तहत चलाए जा रहे प्रचार गाड़ी को हरी झंडी देकर रवाना किया। इसके अलावा जेल रोड स्थित दीपकमल कॉम्प्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरे को दिखाते हुए एडीजी ने अन्य व्यापारियों को भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एडीजी सहित अन्य अधिकारियों ने भाजपा नेता दिनेश सिंह सारथी से मिलकर उनका हालचाल जाना। व्यापारियों को संबोधित करते हुए स्थानीय पार्षद चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि सभी व्यापारियों को पहल करते हुए अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिए जिससे कि किसी भी अनहोनी घटना से बचा जा सके। युवा नेता दीपकमल सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा ही हमारा प्रमुख उद्देश्य है। पुलिस हमारी सुरक्षा में दिन–रात तत्पर रहती है लेकिन इसके साथ–साथ हमारा भी यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने संस्थान और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को लेकर सजग रहें। इस दौरान कमलेश तिवारी, दिनेश सिंह, मनवीर सिंह, विजय सिंह, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह में देवताओं ने की पुष्पों की वर्षा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। आर्य समाज मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन अयोध्या से पधारी कथावाचक देवी विष्णु प्रिया ने गिरिराज लीला, रुक्मिणी विवाह की कथा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। कथा के अनुसार ज्ञानेशानंद के नेतृत्व में सजाई गई सजीव झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। जिसमें भगवान श्री कृष्ण का रूप धारण किए डॉक्टर सौरभ गोयल एवं रुकमणी के वेश में डॉ निधि गोयल तथा बलराम कृष्ण कुमार गर्ग व रेवती बनी रेनू गर्ग ने अपनी सुंदर प्रदर्शन से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा का वाचन करते हुए प्रवचन कर्ता देवी विष्णु प्रिया ने कहां कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई



रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अतरू शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता–जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया। पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं, श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ। पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं। प्रवचन कर्ता बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आई, उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। अतरू रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया।

■ भागवत कथा के छठे दिन की कथा में श्री कृष्ण रुकमणी विवाह का हुआ वर्णन

■ भगवान श्री कृष्ण को चढ़ाए का छप्पन भोग

इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई। वही इस अवसर पर विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट के निदेशक दीपक कुमार केसरवानी एवं आदिवासी लोक कला केंद्र की सचिव प्रतिभा देवी द्वारा प्रवचन कर्ता विष्णु प्रिया शास्त्री, मुख्य यजमान रतन लाल गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी, यज्ञ आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज, लीला व्यास ज्ञानेशानंद, भजन गायक दीपा मिश्रा को विंध्य सम्मान से सम्मानित किया गया। कथा के अनुसार सजाई गई सजीव झांकी में गिरिराज धरन के वेश में रही शिवानी पांडे, यशोदा मैया शिवांगी पांडे, नंदबाबा श्रेया केसरी, ग्वाल बाल आयुष पांडे ने सुंदर प्रदर्शन कर वहां उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। छठे दिन के कथा का समापन मुख्य यजमान रतन लाल गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी के द्वारा की गई आरती पूजन के साथ हुआ। कथा के समापन के बाद भगवान श्रीकृष्ण को चढ़ाई गई छप्पन भोग और श्रृंगार के वस्तुओं का वितरण वहां उपस्थित श्रद्धालुओं में किया गया। मंच आचार्य में दीपेंद्र विद्यार्थी विनय कुमार चतुर्वेदी राजकुमार पांडे रहे। कथा का संचालन यज्ञ आचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कथा संयोजक नरेंद्र गर्ग, कृष्ण कुमार, राजू गर्ग, डॉ सौरभ अग्रवाल, प्रतीक, राम जी, बंटी गोयल चंद्रभान अग्रवाल, सुरेंद्र गर्ग, काकू, बबलू, सीटू सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## पाइपों की चोरी के प्रकरण में एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की



घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 21.12.2022 को समय लगभग 7.20 बजे सिदहवा मोड़, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र से थाना अनपरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–146ध्2022 धारा 379, 411, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व धारा 03 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त 'प्रदीप मौर्या पुत्र राम दुलार मौर्या, निवासी रैमल पुर नयी बाजार, थाना भदोही, जनपद भदोही उम्र लगभग 36 वर्ष' को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी/सिद्धार्थनगर। भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन सिद्धार्थनगर की बैठक जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र धर द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के सभी पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि नवंबर और दिसंबर माह का शुल्क जमा कर दें स संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए व संगठन को मजबूत करने के लिए भी विचार विमर्श किया गया। उन्होने कहा कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के तरफ से रैन बसेरा स्थापित किया जाएगा। बैठक के अन्त मे जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीवास्तव के भाई के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया गया। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख मृतक देवेंद्र श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित किया। बैठक में आदित्य प्रकाश त्रिपाठी ,सतीश चंद्र त्रिपाठी, अजय मणि त्रिपाठी, सौरभ सिंह, फिरोज खान, अब्दुल नईम, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# सभी तैयारियां पूर्ण, आज होगा मतदान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में 22 दिसंबर को अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद के लिए कराए जाने वाले चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। 800 वकील मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बता दें कि अबकी बार कुल 822 बकील मतदाता हैं, जिसमें से 22 वकील मतदाताओं ने 17 दिसंबर को ही टेंडर वोटिंग की है।

■ अध्यक्ष, महामंती व कोषाध्यक्ष पद के लिए 800 मतदाता करेंगे वोटिंग

■ 22 वकील मतदाताओं ने 17 दिसंबर को किया है टेंडर वोटिंग

■ 23 दिसंबर को होगी मतगणना एवं विजयी पदाधिकारियों की घोषणा ?

अब 800 वकील मतदाता 22 दिसंबर को मतदान में हिस्सा लेंगे। वहीं 23 दिसंबर को मतगणना कराई जाएगी तथा विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सहायक चुनावअधिकारी नियुक्त किए गए हैं, ताकि समय से एवं बेहतर ढंग से चुनाव सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान स्थल एवं उसके आसपास से किसी भी प्रत्याशी का बैनर, पोस्टर, पम्पलेट आदि नहीं रहना चाहिए।

अगर किसी का पाया जाएगा तो वह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान के लिए पहले दरवाजे से वकील मतदाता जाएंगे और मतदान करने के बाद दूसरे दरवाजे से बाहर निकलेंगे। प्रत्याशीध्एजेंट में से कोई एक व्यक्ति के बैठने की व्यवस्था बनाई गई है। विशेष व्यक्ति के लिए व पत्रकारों के लिए अलग–अलग दीर्घा बनाई गई है। सुबह 11 बजे से मतदान शुरू होगा। दोपहर बाद डेढ़ बजे लंच होगा। वकील मतदाता मतदान करने आएं तो अपना सिओपी कार्ड लेकर ड्रेस कोड में आएं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स बुलाई गई है। मतदान की शुरुआत एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा के जरिए मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। उन्होंने यह भी बताया कि 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे से मतगणना होगी और उसी दिन विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा सभी चुने गए पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को एल्डर कमेटी चेयरमैन की मौजूदगी में शपथ दिलाई जाएगी।

# अपर निदेशक ने जनपद का किया औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। पशुपालन विभाग, बस्ती मंडल के अपर निदेशक डॉ सुशील कुमार ने जनपद सिद्धार्थनगर का औचक निरीक्षण किया। अपर निदेशक डॉ सुशील कुमार ने पशु चिकित्सालय बांसी का औचक निरीक्षण करते हुए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बांसी एवं पशु फार्मासिस्ट को रजिस्टर,दवाओं के रखरखाव, सभी पशुपालकों को त्वरित सुविधा देने, उनकी समस्याओं का समाधान करने, एनआईपी फीडिंग करने सहित शत–प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया। अपर निदेशक डॉ सुशील कुमार ने जिला मुख्यालय पर विकास भवन में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। साथ ही साथ नौगढ़ तहसील के बृहद गौ संरक्षण केंद्र–मेहरिया, अस्थाई गौ आश्रय स्थल महादेवा लाला, नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर कान्हा गौशाला, बर्डपुर नंबर 10 की गौशाला का विधिवत निरीक्षण करते हुए गोवंश को ठंड से बचाव,उनकी चिकित्सा एवं देखभाल के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौशाला के निरीक्षण के दौरान डॉ जावेद अहमद, डॉ प्रभाकर विक्रम सिंह, एलईओ रमेश चंद, प्रियंका श्रीवास्तव अपने अपने कार्य क्षेत्र में उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से अपर मुख्य सचिव के वीडियो कांफ्रेंसिंग में सम्मिलित होने के उपरांत अपर निदेशक डॉ सुशील कुमार ने जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन के साथ मीटिंग करके 100 दिनों में 75 लाख एआई योजना के विषय में विधिवत चर्चा की, साथ में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी सिंह एवं उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नौगढ़ डॉ आरबी यादव पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति उपस्थित रहे। अपर निदेशक डॉ सुशील कुमार ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एमपी सिंह के साथ जनपद के सभी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक करके विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा अपने लक्ष्यों को शत–प्रतिशत पूरा करने के लिए सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए। गौशाला के विषय में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उक्त जानकारी पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने दी

## तहसीलदार ने सुशासन सप्ताह का किया शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी/सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर बुधवार को तहसीलदार संजीव कुमार दीक्षित ने ग्राम पंचायत चेतिया के सचिवालय से सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सुशासन सप्ताह के अवसर पर आयोजित चौपाल में तहसीलदार संजीव दीक्षीत, खंड विकास अधिकारी आंनद कुमार गुप्त और सहायक विकास अधिकारी अजय राय ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा लागू योजनाओं की जानकारी दिया और ग्रामीणों की समस्याए सुना तथा त्वरित निस्तारण का जिम्मेदारो को निर्देश दिया। इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लिए जागरूक करते हुए उन्हें योजनाओं हेतु सूचीबद्ध किया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि सुशासन सप्ताह की आवश्यकता व प्रासंगिकता बताया। कार्यक्रम में कोतवाल मिश्रौलिया मोती लाल यादव, रामनाथ, परशुराम मणि त्रिपाठी, महेंद्र श्रीवास्तव, गीता राजन श्रीवास्तव, संजय चौरसिया सुरेंद्र कुमार, आशीष कुमार पांडेय, शेषनाथ यादव आदि मौजूद थे।

## महाविद्यालय में 23 व 24 दिसम्बर को होगी माइनर इलेक्टिव की परीक्षा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा,सोनभद्र। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा के स्नातक (एनइपी) द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2022 के छात्र–छात्राओं की माइनर इलेक्टिव की छुटी हुयी परीक्षा दिनांक 23 दिसम्बर व 24 दिसम्बर 2022 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी समय सारिणी के अनुसार सम्पन्न होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार नें बताया कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा दिनांक 11 व 12 नवम्बर 2022 को सम्पन्न स्नातक (एनइपी) द्वितीय सेमेस्टर माइनर इलेक्टिव की परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्र–छात्रा अनुपस्थित हुए जिसके दृष्टिगत एवं छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उक्त परीक्षाएं दिनांक 23 दिसम्बर व 24 दिसम्बर 2022 को दुबारा आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। साथ ही डॉ प्रमोद कुमार ने बताया कि ओबरा महाविद्यालय को जनपद सोनभद्र के कुछ अन्य महाविद्यालय का परीक्षा केंद्र.भी बनाया गया है। छात्र–छात्रा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपने माइनर इलेक्टिव विषय की परीक्षा तिथि व समय एवं परीक्षा केंद्र की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

## बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय को बीईओ ने बंद कराया

बहराइच ।शिकायत के आधार पर बिना मान्यता के चल रहे अवैध स्कूल पर प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। तहसील दिवस में ग्रामीणों की शिकायत पर हरकत में आये प्रशासन ने फौरन बीईओ को भेज मौका मुआयना करा बंद करा दिया ।जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह तहसील दिवस में कैसरगंज में ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कैसरगंज को लिखित में शिकायत देकर अवगत कराया कि विकास खंड जरवल के खनेहटा में पंडित श्यामू मिश्र द्वारा श्री नारायण जीवन ज्योति शिक्षण संस्थान नाम से बगैर मान्यता के स्कूल संचालित किया जा रहा है। जिसे बंद कराने को प्रार्थना पत्र दिया गया।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# किस से लगाए आवास की गुहार, छप्पर में कट रही रात जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

### ग्राम पंचायत सचिव गौरव तिपाठी का कहना है कि बंजर जमीन पर आवास नहीं दिया जाता है





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जोगिया ब्लॉक क्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी सुभावती आवास की आस में कई वर्ष से परिवार के साथ छप्पर में जीवन काट रही है। ब्लॉक का चक्कर लगाकर परेशान हैं, लेकिन कोई उनकी सुधि लेने वाला नहीं है। ब्लॉक क्षेत्र के उदयपुर गांव के एक लड़की व एक लड़का साथ में रहते हैं। आवास न होने के कारण वह मड़ई बनाकर जीवन गुजर–बसर कर रहे हैं। बार–बार प्रधान से और आवेदन के बाद भी आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कभी–कभी बारिश में मड़ई के ऊपर से तिरपाल लगाकर रहना पड़ता है। उनका कहना है कि उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुभावती ने बताया कि परिवार में कुल चार सदस्य रहते हैं। हम दोनों के अलावा एक बेटी व एक 45साल से उदयपुर गांव निवासी सुभावती लगा रही हैं ब्लॉक का चक्कर बताते चलें कि वहां की ग्राम पंचायत सचिव गौरव त्रिपाठी है नहीं लगा रहे रिपोर्ट बताते चलें बेटा है। बेचन ने बताया कि कुछ साल पहले सड़क दुर्घटना होने के कारण कमर की हड्डी टूट गई। इस वजह से कोई मजदूरी का नहीं कर पा रहा हूं। एक लड़का ही एक मात्र हमारा सहारा है, जो वह मुंबई मजदूरी करता है उसी से हमारा घर चल है। अगर आवास की राशि मिल जाती तो अपना छत हो जाता। कई बार ब्लॉक का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। इस संबंध में बीडीओ सतीश कुमार सिंह का कहना है कि वर्तमान सूची में नाम है तो आवास मिल जाएगा। अगर सूची में नाम नहीं है तो नई सूची में बढ़ाकर आवास दिया जाएगा बताते चलें कि ग्राम पंचायत सचिव गौरव त्रिपाठी का कहना है कि बंजर जमीन पर आवास नहीं दिया जाता हैं।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# ईको–फ्रेंडली क्रिसमस मनाने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



क्रिसमस के मौके पर घर को सजाने के लिए मार्केट में कई तरह की चीजें मिलती हैं, लेकिन अधिकतर सजावटी सामान ऐसी सामग्रियों से बनाए जाते है जो पर्यावरण के अनुकूल नहीं होती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसी टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप ईको–फ्रेंडली क्रिसमस मना सकते हैं। इस तरह त्योहार का जश्न सभी के लिए स्वस्थ और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

असली क्रिसमस ट्री खरीदें

ज्यादातर नकली क्रिसमस ट्री ऐसे उत्पादों से बनती हैं जो प्राकृतिक तौर पर गलते नहीं हैं। ये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ–साथ स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होते हैं। ऐसे में पर्यावरण के अनुकूल क्रिसमस ट्री की तलाश करें। एक असली क्रिसमस ट्री नकली की तुलना में अधिक टिकाऊ होती है और इसका इस्तेमाल घर के वातावरण को ताजगी से भरने में मदद कर सकता है। सजा हुआ असली क्रिसमस ट्री घर को बहुत खूबसूरत लुक देता है।

रीसाइकल्ड गिफ्ट रैपिंग पेपर का करें इस्तेमाल

इन दिनों मार्केट में तरह–तरह के डिजाइनर गिफ्ट रैपिंग पेपर उपलब्ध हैं। इनमें शामिल मैटेलिक या ग्लॉसी रैपिंग पेपर को रीसाइकल्ड करना मुश्किल होता है, इसलिए इन्हें न खरीदें। इनकी बजाय इस साल क्रिसमस गिफ्ट्स के लिए रीसाइकल्ड गिफ्ट रैपिंग पेपर का इस्तेमाल करें। आप चाहें तो गिफ्ट को अखबार या हस्त–निर्मित शीट्स से भी पैक कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने दोस्तों से भी कह सकते हैं कि वे भी अपने गिफ्ट्स को इनसे पैक करें।

एलईडी लाइट्स लगाएं

अमूमन लोग क्रिसमस पर घर की सजावट के लिए तरह–तरह की फेयरी लाइट्स का इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन ये पर्यावरण के अनुकूल नहीं होती हैं। बेहतर होगा कि आप इनकी जगह एलईडी लाइट्स का इस्तेमाल करें। इन लाइट्स को बनाने में गैलियम फोस्फाइड का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे कम ऊर्जा की खपत में ज्यादा प्रकाश उत्पन्न होता है।

हस्त–निर्मित गिफ्ट दें

क्रिसमस थीम पर बने प्लास्टिक गिफ्ट्स किफायती होते हैं, लेकिन एक निश्चित समय के बाद कचरे में ही जाते हैं और ये हमें प्लास्टिक की खपत के अंतहीन चक्र में डाल देते हैं। ऐसे में इस क्रिसमस पर पर्यावरण के अनुकूल हस्त–निर्मित गिफ्ट देने की प्रथा शुरू करें। अगर आप इसके लिए तैयार हैं तो हाथ से बने आर्ट वर्क, फूलों वाली चीजें, प्लांटेबल स्टेशनरी, इको–फ्रेंडली कटलरी और स्नैक्स बॉक्स आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकते हैं।

सजावट के लिए ईको–फ्रेंडली चीजों का ही करें इस्तेमाल

घर को सजाने वाले प्लास्टिक के सामान का इस्तेमाल बहुत बढ़ गया है। क्रिसमस पर ये घर की सजावट के काम आते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद ही सड़कों और गलियों में बिखरे नजर आते हैं। इनसे नालियां तो जाम होती ही हैं, साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। अगर आप पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते हैं तो इनकी जगह ईको–फ्रेंडली चीजें जैसे पेपर क्राफ्ट और बांस आदि का इस्तेमाल करें।

## बादशाह की जुगनू गर्ल आकांक्षा शर्मा ने की बोल्डनेस की हदें पार


बॉलीवुड में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरने वाली एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा अपनी बोल्डनेस को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी बोल्ड आउटफिट में कई तस्वीरें हैं जो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहीं हैं। आकांक्षा शर्मा अपनी



बोल्डनेस और हॉटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाने का काम करती हैं। टाइगर श्रॉफ और आकांक्षा शर्मा दोनों एक साथ दो वीडियोज कैसनोवा और डिस्को डांसर 2.0 में काम कर चुके हैं। एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा ने साल 2020 में फिल्म त्रिविक्रमा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। इसके साथ ही आकांक्षा शर्मा हिट म्यूजिक वीडियो जुगनू में सिंगर बादशाह के साथ नजर आईं थीं। आकांक्षा शर्मा एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं। साथ ही वो सोशल मीडिया पर भी अपनी तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा इन दिनों टाइगर श्रॉफ के साथ डेटिंग को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। महेश बाबू और वरुण धवन जैसे सितारों के साथ एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा कई ऐड और साउथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। बोल्डनेस और हॉटनेस तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। आकांक्षा शर्मा के इंस्टाग्राम पर 767 के फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा की तस्वीरों को देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं।




## शाहरुख –दीपिका की पठान का अगला गाना 22 दिसंबर को होगा रिलीज



अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म पठान का पहला गाना बेशरम रंग ने रिलीज होते ही देशभर में बवाल खड़ा कर दिया। इस गाने का जमकर विरोध हो रहा है। अब फिल्म के दूसरे गाने का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें शाहरुख और दीपिका पादुकोण स्टाइलिश लुक में दिखे हैं। फिल्म के दूसरे गाने का टाइटल झूमे जो पठान रखा गया है। मेकर्स इस गाने को 22 दिसंबर को रिलीज करने वाले हैं। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने फिल्म के दूसरे गाने को लेकर बातचीत की है। उन्होंने कहा, गाने में शाहरुख और दीपिका हैं। यह गाना आधुनिक कव्वाली है, जो पठान की शैली को सेलिब्रेट करता है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि लोग अपने पसंदीदा सुपरस्टार को डांस करते देखना पसंद करेंगे। इस गाने का फर्स्ट लुक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बता दें कि शाहरुख की यह फिल्म विभिन्न भाषाओं में 25 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी।

## अक्षय–टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग जल्द होगी शुरू



अली अब्बास जफर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ नजर आने वाले हैं। अली अब्बास फिल्म के निर्देशक हैं, जबकि इसे वाशु भगनानी और जैकी भगनानी प्रोड्यूस कर रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि फिल्म की शूटिंग जनवरी में शुरू हो सकती है। एक सूत्र ने बताया कि इसकी शूटिंग 17 जनवरी को मुंबई में शुरू होगी। यह इस फिल्म का पहला शेड्यूल होगा। एक सूत्र ने कहा, फिल्म का पहला शेड्यूल 17 जनवरी से मुंबई के यशराज स्टूडियो में शुरू होगा जिसमें अक्षय, टाइगर, पृथ्वीराज और फिल्म की पूरी टीम साथ होगी। इसके बाद फिल्मसिटी में इसका एक और शेड्यूल होगा। दोनों स्टूडियोज में करोड़ों रुपये की लागत से बड़े सेट लगाए गए हैं। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के दिखने की भी चर्चा है।

## रात में 8 बजे से पहले खाएं दूध रोटी, वेट लॉस के साथ शरीर की इन 4 समस्याओं में है कारगर डाइट



रात में दूध रोटी खाने के फायदेरू रात में दूध रोटी खाना (स्रशशस्रद्ब ह्म्शह्लद्ब द्मद्धद्बठ्ठद्ग द्मद्ग द्घड्ढ4स्रद्ग द्बठ्ठ द्धद्बठ्ठस्रद्ब) भले ही एक नीरस भोजन लग रहा हो लेकिन, सेहत के लिए ये बहुत ही फायदेमंद है। जी हां, अगर आप रात में 8 बजे से पहले दूध रोटी खा लेते हैं तो इससे आपके शरीर को कई स्वास्थ समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। साथ ही इससे आपका फास्टिंग शुगर लेवल भी नहीं बढ़ेगा और दिन भर आपका पेट और एनर्जी लेवल भी सही रहेगा। इसके अलावा भी रात में दूध रोटी खाने के फायदे कई हैं। कैसे, जानते हैं।

1. वेट लॉस में मददगार

रात में दूध रोटी खाने से आपको वेट लॉस में मदद मिल सकती है। दरअसल, ये हाई कैलोरी वाला होने के साथ शरीर का मेटाबोलिक रेट बढ़ाता है। इससे से आप जो भी खाते हैं अच्छे से पच जाता है और वजन नहीं बढ़ता है। साथ ही इससे फूड क्रेविंग भी नहीं होती है जिससे भूख कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

2. सोने के बाद एसिडिटी नहीं होती

दूध रोटी आसानी से पच जाता है। जी हां, क्योंकि जब आप इसे खाते हैं तो पेट इसे एक थोक भोजन के रूप में लेता है और तेजी से काम करता है और इसे पचा देता है। इससे आपको रात में सोने के बाद गैस और एसिडिटी की समस्या नहीं होती है। तो, इसलिए आपको रात में दूध रोटी खाना चाहिए।

3. कब्ज नहीं होती

कब्ज की समस्या आजकल हर किसी को परेशान कर रही है। ऐसे में दूध रोटी पेट को साफ करने में मदद करता है। ये बॉवेल मूवमेंट को तेज करता है और कब्ज को होने से रोकता है। इसलिए इसे खा कर जब सुबह आप उठते हैं तो आपका पेट साफ हो जाता है।

4. नींद सही रहती है

बहुत भारी भोजन खाना या तेल मसाले वाली चीजों को खाना आपकी नींद को प्रभावित करता है। ऐसे में होता ये है कि आपका शरीर इसे पचाने के लिए रेगुलर दिमाग से बात करता है और जगा रहता है। इससे गहरी नींद नहीं आती है। ऐसे में दूध रोटी जब आसानी से पच जाती है तो आपको आराम से नींद आती है।